# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## एकनाथ शिंदे ने याद किया अपना व्यक्तिगत दुख


विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। एक दुखद दुर्घटना में अपने दो बेटों को खोने के अपने व्यक्तिगत दर्द का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि वह अजित पवार के परिवार सुनेत्रा ताई, पार्थ और जय के दुख को गहराई से समझते हैं। शिंदे ने कहा कि दादा मुझसे बड़े थे मैंने अपना एक बड़ा भाई खो दिया है। उन्होंने महा विकास अघाड़ी सरकार के दौरान साथ काम करने के दिनों को याद करते हुए पवार की स्पष्टता, अधिकारियों को विश्वास में लेने की क्षमता और शासन की गति को बनाए रखने के उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की।

## विपक्ष ने भी माना 'भरोसेमंद मित्र'



पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी कड़वाहट भुलाकर उन्हें एक 'दिलदार दोस्त' बताया। उद्धव ने कहा कि जैसे बालासाहेब ठाकरे अपनी मेज व्यवस्थित रखते थे, वैसे ही अनुशासन अजित दादा में था। अधिकारी उनके सामने इसलिए थर-थर कांपते थे क्योंकि वे फाइल देखते ही गलती पकड़ लेते थे।

- महाराष्ट्र विधानसभा में अजित पवार को याद कर रो पड़े दिग्गज
- महाराष्ट्र को नहीं मिल सका भविष्य का एक काबिल मुख्यमंत्री : सीएम
- शिंदे को याद आए अपने बच्चे; उद्धव ठाकरे भी हुए एमोशनल



उनकी स्मृति में विधिमंडल परिसर में स्मृतिस्थल बनाने की घोषणा



# अजित पवार... बहुत याद आए

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत आज हंगामे से नहीं, बल्कि भारी मन और सिसकियों के साथ हुई। सूबे के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जब सदन में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के लिए शोक प्रस्ताव पढ़ा, तो माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों सदनों के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने उन्हें केवल एक अनुभवी प्रशासक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे कद्दावर व्यक्तित्व के रूप में याद किया, जिसकी कमी ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक गहरा शून्य पैदा कर दिया है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर ने अजित के योगदान को याद करते हुए घोषणा की कि उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए विधिमंडल परिसर में एक 'स्मृतिस्थल' बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजित की कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी।

### जांच की गूंज भी

एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार, शिवसेना (ठाकरे गुट) के विधायक भास्कर जाधव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) की महिला प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खडसे और राकां (शरद पवार गुट) के विधायक जयंत पाटील ने इस विमान हादसे की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। जयंत पाटील ने कहा कि किसी वरिष्ठ नेता के विमान से जुड़ा ऐसा हादसा बेहद गंभीर है और इसका स्पष्ट कारण सामने आना चाहिए।

### नियति ने मेरा बड़ा भाई छीन लिया: सीएम फडणवीस

शोक प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि यह क्षण अत्यंत भावनात्मक है और उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें अजित पवार के लिए इस तरह बोलना पड़ेगा। भावुक होते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि अजित दादा और उनका जन्मदिन एक ही दिन आता था, वे उनसे 11 साल बड़े थे और एक बड़े भाई की तरह थे। फडणवीस ने बड़ी बात कहते हुए माना कि, महाराष्ट्र को भविष्य का एक सर्वोत्तम मुख्यमंत्री मिल सकता था, लेकिन समय ने हमसे वो काबिलियत छीन ली। उन्होंने दादा के समय की पाबंदी की मिसाल देते हुए कहा कि जो इंसान कभी वक्त नहीं चूकता था, उसे नियति ने वक्त से पहले ही बुला लिया। फडणवीस ने याद दिलाया कि अगर आज 'लाड़ली बहन' जैसी योजनाओं के लिए 46 हजार करोड़ का इंतजाम हो पाया है, तो यह अजित दादा के सटीक वित्तीय प्रबंधन की ही देन थी। वे शेषराव वानखेड़े का 13 बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब थे, लेकिन 28 जनवरी के उस मनहूस विमान हादसे ने सब खत्म कर दिया।

### अजित पवार की मौत के रहस्य का मिले जवाब : रोहिणी खडसे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) की महिला प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि "अजित दादा" की मौत के रहस्य से पर्दा उठना चाहिए और सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने पार्टी के सभी विधायकों से अपील की है कि बजट सत्र के दौरान इस मुद्दे पर सदन में ठोस और मजबूत भूमिका रखें। साथ ही अन्य दलों के विधायकों से भी सरकार से जवाब मांगने का आग्रह किया है।

### निर्धारित हो सीबीआई के लिए जांच की समय सीमा : रोहित पवार

बजट सत्र के पहले दिन एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत अजित पवार के प्लेन क्रैश की जांच पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विमान हादसे से संबंधित सबूत व एक पत्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को देंगे। दो दिनों में जांच रिपोर्ट आने की बात कही जा रही है, यदि जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई तो ठीक नहीं होगा। उन्होंने मांग की है कि सीबीआई के लिए जांच की समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। रोहित पवार ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश होने से पहले मीडिया से बात करते हुए विमान हादसे की निष्पक्ष जांच की अपनी मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं पायलट की मिली भगत है। मैंने सारे सबूत प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री को सबूतों के साथ पत्र दिया गया है। उन्होंने इस बात पर शक जताया कि क्या जांच एजेंसियां ठीक से सबूत इकट्ठा कर रही हैं।

# उमस ने छुड़ाए मुंबईकरों के पसीने

- मुंबई का अधिकतम तापमान 34 .5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा
- कर्जत और पनवेल में तापमान 38 डिग्री के पार
- शनिवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में उमस बढ़ने की संभावना जताई है। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच तेज धूप और गर्मी अधिक महसूस की जा रही है।



| क्षेत्र | तापमान (डिग्री सेल्सियस) |
|---|---|
| कर्जत | 38.4 |
| पनवेल/ डोंबिवली | 38.3 |
| कल्याण / बदलापुर | 37.8 |
| ठाणे / वसई | 37.0 |
| मुंबई (सांताक्रूज) | 34.5 |

### सांताक्रूज और कोलाबा में ऊंचा तापमान

सोमवार को सांताक्रूज में 34 .5 डिग्री और कोलाबा में 33 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। राज्य में सबसे अधिक तापमान जलगांव में 35 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कई शहरों में पारा 38 डिग्री के पार

मौसम विभाग के अनुसार बीते शनिवार को मुंबई में 36 .3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था, जो इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक तापमान है और सामान्य से 4 डिग्री अधिक था। वहीं कर्जत (38 .4), डोंबिवली (38 .3), पनवेल (38 .3), खारघर (38 .1), कल्याण (37 .8), बदलापुर (37 .8), वसई (37), ठाणे (37) और नेरुल (36 .4) में भी तापमान 36 से 38 डिग्री के बीच रहा।

### गर्म हवाओं के कारण बढ़ी तपिश

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी दिशा से चल रही गर्म हवाएं समुद्र से जमीन की ओर आने वाली ठंडी हवाओं को रोक रही हैं, जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। हालांकि मंगलवार के बाद मौसम में कुछ बदलाव की संभावना जताई गई है, जिससे मुंबईकरों को आंशिक राहत मिल सकती है।

# अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित कर सकेंगे बैंक

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत वापस ली
- 40 हजार करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप





डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक अब फ्रॉड घोषित कर सकेंगे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें मिली राहत का आदेश रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दिसंबर 2025 में 40 हजार करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में बैंकों को फ्रॉड घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

### बैंकों ने नियमों का पालन नहीं किया

SBI ने एक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर अंबानी के खातों को फ्रॉड की श्रेणी में डाल दिया गया था। अंबानी ने इस कार्रवाई को चुनौती दी। कहा कि बैंकों ने सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का पालन नहीं किया। दिसंबर 2025 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिल अंबानी के खातों को फ्रॉड घोषित करने पर रोक लगा दी।

### जनवरी में बैंकों ने दी थी चुनौती


बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और IDBI बैंक ने जनवरी 2026 में सिंगल बेंच के स्टे ऑर्डर को चुनौती दी थी। बैंकों का तर्क था कि वे फॉरेंसिक ऑडिट के आधार पर कार्रवाई करना चाहते हैं। अब बैंक कानून के मुताबिक आगे की कार्यवाही कर सकेंगे।

### बिना अनुमति देश नहीं छोड़ूंगा : अंबानी

"पिछले हफ्ते अनिल अंबानी ने कोर्ट को भरोसा दिलाया था कि वे देश छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और बिना अनुमति के विदेश यात्रा नहीं करेंगे। अनिल अंबानी ने ये भी कहा था कि रिलायंस ग्रुप (ADAG) की कंपनियों के खिलाफ चल रही ED और CBI की जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

## ब्रीफ न्यूज़

### तीन साल में हर नगर निगम में 'भारत टैक्सी' : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में 'भारत टैक्सी' के सारथियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो श्रम कर रहा है, उसे ही मुनाफा मिलना चाहिए। हमारा उद्देश्य टैक्सी के मालिक को धनी बनाना है और सारथी ही मालिक हैं। और मुनाफे में भी उनका हिस्सा होगा। आने वाले तीन वर्षों में देश के प्रत्येक नगर निगम में भारत टैक्सी होगी। अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया है। अब जैसे-जैसे सारथियों की संख्या बढ़ती जाएगी और जो भी सारथी इसमें हिस्सेदार बनना चाहेगा उसे 500 रुपये के शेयर लेने पर मालिकाना हक मिल जाएगा।

### 26 फरवरी को भारत आएंगे कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 26 फरवरी से भारत दौरे पर रहेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि मार्क कार्नी 26 फरवरी से सात मार्च तक भारत, आस्ट्रेलिया और जापान की यात्रा पर रहेंगे। कनाडाई प्रधानमंत्री अपनी यात्रा की शुरुआत मुंबई से करेंगे। इसके बाद नई दिल्ली जाएंगे, जहां वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), संस्कृति और रक्षा क्षेत्र में नई साझेदारियों के माध्यम से संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वह आस्ट्रेलिया और फिर जापान जाएंगे।

## महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर रोक

डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली/मुंबई



महाराष्ट्र में जिन स्थानीय निकायों में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक कर दी गई है, वहां प्रस्तावित चुनावों पर संकट गहरा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे निकायों में होने वाले चुनावों पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने न्यायालय से लंबित चुनावों को संपन्न कराने की अनुमति मांगी थी, किंतु न्यायालय ने इसे अस्वीकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तय सीमा से अधिक आरक्षण वाली 22 जिला परिषदों और संबंधित पंचायत समितियों के चुनाव कराने पर स्पष्ट रोक लगा दी। राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि पूर्व आदेश के आधार पर चुनाव की अनुमति दी जाए, परंतु पीठ ने कहा कि निर्धारित सीमा से अधिक आरक्षण की स्थिति में ऐसी अनुमति नहीं दी जा सकती।

## काज़ी को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट सख्त

### आदेश की होगी दोबारा जांच

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

एंटीलिया विस्फोटक प्रकरण में आरोपी पूर्व मुंबई पुलिस अधिकारी रियाजुद्दीन काज़ी की बर्खास्तगी को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह पहले बर्खास्तगी आदेश का विस्तार से परीक्षण करेगा और यह जांचेगा कि सभी कानूनी प्रावधानों का पालन हुआ या नहीं। वर्ष 2021 के इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। न्यायालय ने कहा कि मामले में कोई जल्दबाजी नहीं की जाएगी।



### अगली सुनवाई 20 अप्रैल को

काज़ी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर बर्खास्तगी आदेश को चुनौती दी है और विभागीय जांच का अवसर देने की मांग की है। राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है, जिस पर न्यायालय ने चार सप्ताह की मोहलत दी है। प्रत्युत्तर के लिए काज़ी को दो सप्ताह का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

### एंटीलिया प्रकरण और न्यायाधिकरण का फैसला

सुनवाई न्यायमूर्ति एम.एस. कर्णिक और न्यायमूर्ति एस.एम. मोडक की खंडपीठ ने की। काज़ी उस समय मुंबई पुलिस की अपराध गुप्तचर इकाई में सहायक पुलिस निरीक्षक थे। उन्हें अप्रैल 2021 में निलंबित किया गया और मई 2021 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इससे पहले महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने 19 सितंबर 2025 को राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराते हुए संविधान के अनुच्छेद 311(2)(b) के तहत बिना विभागीय जांच बर्खास्तगी को वैध माना था।

## बीएमसी में 10 अनुमोदित पार्षदों की नियुक्ति

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई नगर निगम में अब पांच के बजाय दस अनुमोदित पार्षदों की नियुक्ति की जाएगी। विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने कोटे के अनुसार नगर आयुक्त को उम्मीदवारों के नाम सौंप दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत भारतीय जनता पार्टी को चार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को तीन, शिवसेना को दो और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सीट मिलेगी। सभी आवेदनों की जांच के बाद नगर निगम की बैठक से पहले अंतिम घोषणा की जाएगी।



### दलों ने घोषित किए नाम

शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से बालकृष्ण ब्रीद और राज सुर्वे के नाम तय किए गए हैं। भाजपा ने प्रवीण छेड़ा, नितेश सिंह, प्रतीप करपे और कमलाकर को नामित किया है। शिवसेना (उद्धव गुट) ने साईनाथ दुर्गे, माधुरी मांजरेकर और सकैलास पाठक को अवसर दिया है, जबकि कांग्रेस ने वीरेंद्र चौधरी को अपना अनुमोदित पार्षद बनाया है।

## सुप्रीम कोर्ट | मेटा यूजर्स की बिना मर्जी के शेयर नहीं करेगा डेटा

# सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के चलते झुका व्हाट्सएप

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद मेटा और व्हाट्सएप ने यूजर्स के डेटा शेयरिंग नियमों में बदलाव का एलान किया है। सुनवाई के दौरान दोनों कंपनियों ने कहा कि वे सीसीआई और एनसीएलएटी के निर्देशों के अनुसार, अब यूजर्स की मर्जी के बिना कोई डेटा विज्ञापन या अन्य उद्देश्यों के लिए साझा नहीं करेंगे। अदालत ने डिजिटल रूप से निर्भर और अनजान साइलेंट कस्टमर्स की सुरक्षा को महत्व देते हुए कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि प्राइवेसी अधिकार के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल थे। ये अपीलें दोनों टेक कंपनियों ने एनसीएलएटी के दिसंबर 2025 के आदेश के खिलाफ






दाखिल की थीं। कोर्ट ने नोट किया कि वरिष्ठ वकील कपिल सिबल ने व्हाट्सएप की ओर से कहा कि दोनों कंपनियां 16 मार्च तक ट्रिब्यूनल के निर्देशों को लागू कर देंगी। इस कारण सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन की अपील खारिज कर दी, लेकिन यह स्पष्ट किया कि मुख्य अपील के मुद्दों पर इससे कोई असर नहीं पड़ेगा।

### व्हाट्सएप की प्राइवेसी नीति की समीक्षा करेगी सीसीआई

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि व्हाट्सएप की प्राइवेसी नीति की समीक्षा सीसीआई करेगी और उसका जवाब रिकॉर्ड पर रखा जाएगा। यह मामला उस सीसीआई आदेश से जुड़ा है, जिसमें व्हाट्सएप की प्राइवेसी नीति के कारण 213 .14 करोड़ रुपया का जुर्माना लगाया गया था।

### फरवरी में कोर्ट ने दोनों कंपनियों को दी थी चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में दोनों कंपनियों को चेतावनी दी थी कि वे नागरिकों के प्राइवेसी अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि कंपनियां बाजार में मोनोपॉली (एकाधिकार) बना रही हैं और ग्राहकों की निजी जानकारी चुरा रही हैं। कोर्ट ने साइलेंट कस्टमर्स का भी जिक्र किया।

न्यूज़ ब्रीफ

## नवी मुंबई महानगरपालिका की परिवहन समिति का गठन

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका की महासभा में आज एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की धारा 25(2) के अंतर्गत प्रशासन अथवा परिवहन क्षेत्र का अनुभव रखने वाले तथा अभियांत्रिकी, औद्योगिक, वाणिज्यिक, वित्तीय या श्रम विषयों में दक्ष व्यक्तियों में से 12 सदस्यों की परिवहन समिति में नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई। परिवहन समिति में राहुल चंद्रकांत शिंदे, राजेश हौसला राय, विकास कुंडलिक झंझाड, शीतल श्रीपत भोईर, रोशन रामचंद्र पाटील, राजश्री नारायण कातकरी, विनोद तुलसीराम म्हात्रे, यशपाल सिद्राम ओव्हाळ, कुणाल प्रकाश महाडिक, हनुमंत कोंडीबा रोडे, अभिजीत प्रकाश पेडणेकर तथा तीर्था मारुति सकपाल को नियुक्त किया गया है। प्रशासन का कहना है कि विविध क्षेत्रों के अनुभव से समिति की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर महापौर सुजाता पाटील, उपमहापौर दशरथ भगत तथा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने सभी नवनियुक्त सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। मनपा प्रशासन का मानना है कि इन नियुक्तियों से शहर की परिवहन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी।

## गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ पर सामूहिक गान

**ठाणे।** "सामूहिक गायन के माध्यम से 'हिंद दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुरजी के महान बलिदान का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता सुदृढ़ होगी," यह बात ठाणे जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने कही। गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कोंकण संभाग में एक विशाल सामूहिक गान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष पहल को 'बेस्ट ऑफ इंडिया रिकॉर्ड्स' संस्था ने विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज किया है। कोंकण संभागीय राजस्व आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी की पहल पर सुबह 9 बजे संभाग के सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में एक साथ समूह गान किया गया। प्रसिद्ध गायक सतिंदर सरताज द्वारा प्रस्तुत 'हिंद की चादर' गीत को लगभग 20 हजार विद्यालयों के 51 लाख विद्यार्थियों तथा डेढ़ लाख शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक साथ गाया। ठाणे तलवपाली स्थित सर जॉन बैपटिस्ट हायर सेकेंडरी स्कूल और जूनियर कॉलेज में जिला कलेक्टर डॉ. पांचाल ने स्वयं उपस्थित रहकर सहभागिता की।

## 'एसआईआर 2' के लिए बीजेपी ने जारी की गई प्रतिनिधियों की सूची

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई ने 'एसआईआर 2 विशेष गहन पुनरीक्षण' कार्यक्रम के लिए अपने प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने यह सूची पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भेजी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह पहल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जारी सूची में पूर्व सांसद किरीट सोमैया, राज्यसभा सांसद भागवत कराड, विधायक एवं प्रदेश महामंत्री रणधीर सावरकर, प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता माधवी नाईक, विधायक मंगेश चव्हाण, पूर्व संगठन मंत्री श्याम कुलकर्णी, पूर्व विधायक सुनील राणे तथा पूर्व जिला अध्यक्ष वासुदेव काले के नाम शामिल हैं।

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ महाराष्ट्र बजट सत्र

### आचार्य देवव्रत ने की महायुति सरकार के विजन की तारीफ

धीरज सिंह/दीपक पवार | मुंबई

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सोमवार को वर्ष 2026 के पहले सत्र की शुरुआत में विधानमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचना, निवेश और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने सदस्यों से बजट सत्र में प्रस्तुत होने वाले विधेयकों पर रचनात्मक चर्चा करने की अपील की।



### निवेश में अग्रणी राज्य

राज्यपाल ने बताया कि महाराष्ट्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 13.5 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। वर्ष 2024-25 में राज्य को 1,64,875 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ, जो देश के कुल निवेश का 39 प्रतिशत है। वर्ष 2026 में विश्व आर्थिक मंच के दावोस सम्मेलन में लगभग 30 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनसे लगभग 40 लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है।

### 2047 तक पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दिशा में दीर्घकालिक दृष्टि के साथ कार्य किया जा रहा है। अभिभाषण के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित थे।

### महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर ठोस रुख

राज्यपाल ने कहा कि सरकार महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और उच्चतम न्यायालय में राज्य का पक्ष मजबूती से रखने हेतु प्रख्यात अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। सीमा क्षेत्रों में मराठी भाषी नागरिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

### नई औद्योगिक नीति और उद्यमिता प्रोत्साहन

'महाराष्ट्र उद्योग, निवेश एवं सेवा नीति 2025' के अंतर्गत 17.50 लाख करोड़ निवेश और 50 लाख रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। गढ़चिरौली को इस्पात केंद्र तथा पूर्वी विदर्भ को इस्पात गलियारे के रूप में विकसित करने की योजना है। साथ ही 'महाराष्ट्र नवउद्यमिता एवं नवाचार नीति 2025' के माध्यम से पांच वर्षों में 1.25 लाख उद्यमियों और 50 हजार नवउद्यमों को प्रोत्साहन देने का लक्ष्य है।

### निर्यात तत्परता सूचकांक में प्रथम स्थान

जनवरी 2026 में नीति आयोग द्वारा जारी 'निर्यात तत्परता सूचकांक 2024' में महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त चयनित आधारभूत परियोजनाओं को निवेश न्यास के माध्यम से वित्तीय संसाधन जुटाने की स्वीकृति दी गई है, जिससे ऋण भार कम करने और नई परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने में सहायता मिलेगी। राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 4,478 करोड़ की लागत से 147 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। मुंबई में आयोजित 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' के दौरान लगभग 56,000 करोड़ के अनुबंध संपन्न हुए। जहाज निर्माण, मरम्मत और पुनर्चक्रण नीति की भी घोषणा की गई है।

### कृषि क्षेत्र और किसान सशक्तिकरण

'महाराष्ट्र कृषि कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति' के माध्यम से कृषि को अधिक उत्पादक बनाने पर बल दिया जा रहा है। सात हजार किसान समूह 3.22 लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। फसल बीमा, कपास और सोयाबीन खरीदी तथा आपदा राहत के लिए 15,576 करोड़ वितरित किए गए हैं। 'मुख्यमंत्री बलिराजा नि:शुल्क बिजली योजना' के तहत 7.5 अश्वशक्ति तक के कृषि पंपों को नि:शुल्क बिजली प्रदान की जा रही है।

'शॉर्टकट' पड़ा महंगा

# टेंट के पीछे इंजेक्शन लगा रहा था उम्मीदवार एंटी नारकोटिक्स सेल ने रंगे हाथों दबोचा

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024-25 के फील्ड टेस्ट के दौरान एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक उम्मीदवार को प्रतिबंधित उत्तेजक पदार्थ इंजेक्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। घटना उस समय सामने आई जब 100 मीटर दौड़ ट्रैक के पास बने टेंट के पीछे एक अभ्यर्थी संदिग्ध गतिविधि करते हुए देखा गया।

### दौड़ में पास होने के लिए लगाया इंजेक्शन



गश्त के दौरान पुलिस टीम ने देखा कि बारामती से आया उम्मीदवार साहिल एक हाथ से दूसरे हाथ पर कथित रूप से उत्तेजक पदार्थ का इंजेक्शन लगा रहा था। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक इंजेक्शन सीरिंज बरामद की गई। भाईंदर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 18 (ए)(1) तथा भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 223 और 62 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस विभाग के अनुसार संबंधित उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। शारीरिक परीक्षण में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को पहले ही स्पष्ट रूप से सूचित किया गया था कि किसी भी प्रकार के नशीले या उत्तेजक पदार्थ का सेवन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ठगों ने की 40 लाख से अधिक की धोखाधड़ी

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर में इन दिनों ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। हाल ही में दो अलग-अलग घटनाओं में करीब 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए पूछताछ शुरू कर दी है।

### पुलिस जांच में जुटी

ठगी का खुलासा होने के बाद पीड़ित ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### कंपनी की रकम हड़पने का आरोप



पहली घटना कोनगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र की है। कल्याण पूर्व स्थित वसंत वाटिका निवासी 38 वर्षीय मनोज मनोहर ताम्हाणेकर ने ठाकुर पाड़ा निवासी इफ्तेकार अबरार शेख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार आरोपी सरवली स्थित रिजेट टोयोटा कंपनी के वर्कशॉप में कार्यरत था। इस दौरान उसने ग्राहकों से बीमा पॉलिसी के नाम पर 5 लाख 31 हजार 921 रुपये नकद वसूले, लेकिन यह रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की और कथित तौर पर निजी उपयोग में ले ली। कोनगांव पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल प्रवेश के नाम पर 34 लाख की ठगी

दूसरी घटना नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र की है। मेडिकल स्टोर संचालक 64 वर्षीय राजेश मुकनाराम चौधरी ने बालकुम पाड़ा निवासी प्रशांत गोविंदराव महाजन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी ने उनके बेटे को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर भरोसा जीता और अलग-अलग समय पर गूगल पे तथा नकद के माध्यम से 34 लाख 42 हजार 990 रुपये ले लिए। पैसे लेने के बाद न तो प्रवेश दिलाया गया और न ही रकम लौटाई गई।

# कल्याण नाका पुल पर 'हिट एंड रन'

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। भिवंडी शहर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### कल्याण नाका पुल पर हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार मृतक रोहित राजेंद्र खैरणार (28) भादवड़ गांव स्थित अटलांटा टॉवर इलाके का निवासी था। 16 दिसंबर 2025 की रात वह अपनी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (MH-04 MV-5884) से भिवंडी से कल्याण की ओर जा रहा था। कल्याण नाका पुल पर सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रोहित मोटरसाइकिल समेत पुल के डिवाइडर से टकराकर नीचे सड़क पर जा गिरा।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम




हादसे में रोहित के कंधे की हड्डी, दोनों पैरों में फ्रैक्चर तथा सीने में गंभीर चोट आई। उसे तत्काल उपचार के लिए मुंबई के केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक बिना सहायता किए फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन चालक की तलाश तेज कर दी है और आगे की जांच जारी है।

# इंद्रलोक में डामरीकरण के दौरान गुलमोहर पर फेंका डामर

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

भाईंदर (पूर्व) के इंद्रलोक क्षेत्र में सड़क डामरीकरण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही का मामला सामने आया है। आरबीके ग्लोबल स्कूल मार्ग पर किए जा रहे डामरीकरण के दौरान सड़क किनारे खड़े हरे-भरे गुलमोहर वृक्ष की छाल पर भी डामर फेंक दिया गया। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पेड़ों की सुरक्षा के नियमों की अनदेखी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि डामरीकरण के दौरान पेड़ों की सुरक्षा के लिए कोई एहतियाती उपाय नहीं किए गए। निर्माण स्थल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगाया गया था और न ही कार्य संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई थी। नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर पर्यावरण संरक्षण के नियमों की अनदेखी की जा रही है। जानकारी के अनुसार यह कार्य मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के माध्यम से कराया जा रहा है, जबकि स्थानीय स्तर पर मीरा-भाईंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी और पेड़ों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण प्रेमी धीरज परब ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि डामरीकरण और कंक्रीटीकरण के दौरान पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

# जीपीएस ने बिगाड़ा 'चोर का खेल'

### 55 लाख का ट्रक ले उड़ा था हरियाणा का चोर
### गुजरात से ट्रक समेत आरोपी को पनवेल पुलिस ने किया गिरफ्तार





डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई। पनवेल शहर पुलिस थाना क्षेत्र से करीब 55 लाख रुपये कीमत का टाटा कंपनी का टिपर ट्रक आधी रात चोरी हो गया था, जिसे पुलिस ने महज 8 घंटे के भीतर गुजरात से बरामद कर लिया। यह डंपर (MH 43 CK 3018) भास्कर घाडगे के स्वामित्व का था और 19 फरवरी 2026 की रात करंजाडे सेक्टर 2E इलाके से चोरी हुआ था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और वाहन में लगे GPS सिस्टम की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक की। जांच में सामने आया कि ट्रक पालघर के रास्ते गुजरात की ओर बढ़ रहा है, जिसके बाद विशेष टीम गठित कर पीछा शुरू किया गया।

### गुजरात में घेराबंदी, आरोपी गिरफ्तार

महाराष्ट्र सीमा पार करने के बाद पुलिस ने पालघर LCB और वलसाड LCB के साथ समन्वय कर संयुक्त कार्रवाई की। गुजरात के पारडी पुलिस थाना क्षेत्र में वाहन होने की सूचना मिलते ही आरोपी को हरियाणा भागने से पहले पकड़ लिया गया। इस मामले में मुरसलिम मकसूद खान (30 वर्ष), निवासी हरियाणा, को गिरफ्तार किया गया है और चोरी हुआ डंपर सुरक्षित जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त (पनवेल विभाग) के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितीन ठाकरे और उनकी टीम तथा पालघर व वलसाड LCB के अधिकारियों के सहयोग से अंजाम दी गई।

# महिलाओं से अत्याचार के दो मामले दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की दो गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। दोनों मामलों में संबंधित पुलिस थानों ने शिकायत दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटनाओं से इलाके में चिंता का माहौल है।

### गर्भवती महिला से मारपीट, गर्भपात का आरोप




पहली घटना शांतिनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गायत्रीनगर इलाके की है। शिकायत के अनुसार 17 फरवरी की रात हनुमान मंदिर के सामने स्थित एक किराना दुकान के पास पुराने विवाद को लेकर तीन महिलाओं ने एक गर्भवती महिला को घेरकर मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक महिला ने पीड़िता के पेट पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी और बाद में गर्भपात हो गया। पुलिस ने जोहरा बानो सहित तीन महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप

दूसरी घटना नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कशेली गांव की है। यहां 30 वर्षीय महिला ने पड़ोस में रहने वाले युवक और उसके पिता पर घर में घुसकर छेड़छाड़, गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी 2 अक्टूबर 2025 से 21 फरवरी 2026 के बीच कई बार उसके घर में घुसा। एक बार पूजा के दौरान युवक ने उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकत की और विरोध करने पर धमकाया।

### आरोपियों पर मामला दर्ज, जांच जारी

पीड़िता का यह भी आरोप है कि 21 फरवरी की रात आरोपी युवक और उसके पिता ने दोबारा घर में घुसकर उसके पति से विवाद किया और गालियां दीं। पुलिस ने विकी केशरीनाथ म्हात्रे और केशरीनाथ पंढरीनाथ म्हात्रे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दोनों मामलों की जांच जारी है और पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# देह व्यापार के रैकेट का भंडाफोड़

### 14 और 16 साल की बच्चियां रेस्क्यू

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

शहर की क्राइम ब्रांच ने मासूम बच्चियों की जिंदगी को नर्क बनाने वाले एक गिरोह पर बिजली की तरह प्रहार किया है। सेक्टर 11 इलाके में 20 फरवरी को पुलिस ने एक ऐसा जाल बिछाया, जिसमें मासूमों का सौदा करने वाला दलाल खुद ही आकर फंस गया।



### फर्जी ग्राहक बनकर पुलिस ने घेरा

पुलिस को गुप्त खबर मिली थी कि कोपरखैरणे का रहने वाला हरीश विकास छारी (25) नाबालिग लड़कियों को गलत धंधे में धकेल रहा है। इस खबर की पुष्टि के लिए क्राइम ब्रांच ने एक 'फर्जी ग्राहक' तैयार किया और आरोपी को डील के लिए बुलाया। जैसे ही हरीश शिकार लेकर मौके पर पहुँचा, पहले से घात लगाकर बैठी पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

### कानूनी 'हंटर' और सख्त धाराएं

सीबीडी पुलिस स्टेशन में आरोपी हरीश के खिलाफ पॉक्सो (POCSO), अनैतिक व्यापार रोकथाम कानून (PITA) और भारतीय न्याय संहिता की कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की तहकीकात कर रही है कि इस घिनौने खेल में हरीश के साथ और कौन-कौन से 'सफेदपोश' शामिल हैं।

### मासूमियत को किया गया आजाद

पुलिस ने इस छापेमारी के दौरान दो किशोरियों को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया है, जिनकी उम्र महज 14 और 16 साल है। इन बच्चियों को जिस तरह से इस कीचड़ में घसीटा गया था, उसे जानकर पुलिस अधिकारी भी सन्न हैं। फिलहाल बच्चियों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

# 250 रुपये के लिए दांव पर 'बचपन'

### वड़ापाव की दुकान पर बाल मजदूरी का मामला
### पुलिस ने दुकान मालिक को दबोचा

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

निजामपुरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक वड़ापाव की दुकान पर 12 वर्षीय नाबालिग से खतरनाक परिस्थितियों में काम कराए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक के खिलाफ बाल मजदूरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निरीक्षण के दौरान नाबालिग मिला काम करते हुए

पुलिस के अनुसार 21 फरवरी की रात करीब 8 बजे मीठपाडा रोड स्थित अदित्य होटल के पास एक वड़ापाव की दुकान पर निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक नाबालिग लड़का गैस शेगड़ी के पास गर्म कड़ाही में वड़े तलते हुए पाया गया, जो बच्चों के लिए खतरनाक कार्य श्रेणी में आता है। पूछताछ में बालक ने अपना नाम जावेद (काल्पनिक नाम) और उम्र 12 वर्ष बताई। उसने बताया कि वह पिछले करीब दो महीनों से दुकान पर काम कर रहा था और उसे प्रतिदिन लगभग 250 रुपये मजदूरी मिलती थी।

### संचालक पर मामला दर्ज

जांच में सामने आया कि दुकान संचालक रियाज अब्दुल रऊफ सिद्दीकी (22) ने बिना किसी वैध अनुमति के नाबालिग को काम पर रखा था। पुलिस ने इसे बालक के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। निजामपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बालकामगार प्रतिबंध अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



# ठाणे बीजेपी का यूथ कांग्रेस के विरुद्ध 24 फरवरी को प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भारतीय जनता पार्टी ठाणे शहर जिला महिला मोर्चा की ओर से 24 फरवरी 2026 को सुबह 11:00 बजे ठाणे रेलवे स्टेशन नंबर 1 प्लेटफॉर्म के पास सतीस ब्रिज के नीचे कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल होंगी।

### यूथ कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

भाजपा महिला मोर्चा प्रमुख ने आरोप लगाया कि वर्ल्ड एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कथित यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निम्न स्तर की राजनीति करते हुए अशोभनीय व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां देश की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं और पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। महिला मोर्चा की ओर से जारी बयान में दावा किया गया कि यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के कथित सुझाव के आधार पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने इसे देश का अपमान करने वाला कृत्य बताते हुए इसकी आलोचना की है।

# राजनीतिक महाभारत में राऊत असली दुर्योधन : भाजपा

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र में प्रकाशित अग्रलेख को लेकर भाजपा ने सांसद संजय राऊत पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राम कुलकर्णी ने राऊत को महाराष्ट्र की राजनीति का "असली दुर्योधन" बताया। वहीं प्रदेश मीडिया प्रमुख नवनाथ बन ने भी उनके बयान और लेखन शैली की कड़ी आलोचना की।



## नेता प्रतिपक्ष और संवैधानिक नियमों पर सवाल

राम कुलकर्णी ने कहा कि सत्ताधारी दलों ने विपक्ष को नेता प्रतिपक्ष पद से दूर नहीं रखा, बल्कि विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें आवश्यक संख्या नहीं दी। उन्होंने कहा कि संविधान और नियमों के अनुसार कुल सदस्यों के कम से कम 10 प्रतिशत विधायक होना आवश्यक है। कुलकर्णी का आरोप है कि राऊत तथ्यों की अनदेखी कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं और नियमों के बजाय राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं।

### महाविकास आघाड़ी की एकता पर निशाना

नवनाथ बन ने कहा कि महाविकास आघाड़ी बजट सत्र से पहले ही बिखर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि शरद पवार गुट का एक भी विधायक विपक्ष की बैठक में उपस्थित नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्यसभा और विधान परिषद की उम्मीदवारी को लेकर ठाकरे गुट में आंतरिक खींचतान चल रही है, जबकि कांग्रेस भी अपने उम्मीदवार की दावेदारी जता रही है।

### वंशवाद, भ्रष्टाचार और जनादेश का मुद्दा

बन ने कहा कि वंशवाद पर आधारित दल लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संख्या बल नहीं होने के बावजूद विपक्ष नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर विवाद खड़ा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति स्पष्ट की है। भाजपा नेताओं का दावा है कि जनता ने चुनाव में स्पष्ट जनादेश दिया है और विपक्ष को अपनी स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए।

# उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विभागों का जवाब देंगे दूसरे मंत्री



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास मौजूद महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी अस्थायी रूप से अन्य मंत्रियों को सौंप दी गई है। इस संबंध में शिंदे ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को पत्र लिखकर जानकारी दी है। निर्णय के अनुसार, लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी मंत्री दादाजी भुसे को सौंपी गई है। नगर विकास विभाग का कार्यभार उद्योग मंत्री उदय सामंत संभालेंगे।

गृहनिर्माण विभाग की जिम्मेदारी मंत्री शंभूराज देसाई को दी गई है। स्पष्ट किया गया है कि बजट सत्र के दौरान संबंधित मंत्री अपने-अपने विभागों से जुड़े सवालों और सुझावों का जवाब सदन में देंगे।

### विपक्ष ने उठाए सवाल

शिंदे के इस निर्णय पर विपक्ष ने सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि सत्तापक्ष का कहना है कि यह कदम केवल प्रशासनिक सुविधा और कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, सत्र समाप्त होने के बाद संबंधित विभागों की जिम्मेदारी पुन: एकनाथ शिंदे को सौंप दी जाएगी।

# डिपोर्ट के बाद फिर भारत में घुसी बांग्लादेशी महिला

## पुलिस ने किया गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

जुहू पुलिस ने विलेपार्ले इलाके से एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला की पहचान राबिया नासिर मुल्ला (46) के रूप में हुई है। जुहू पुलिस स्टेशन की टीम उससे पूछताछ कर रही है और उसके भारत में दोबारा प्रवेश करने के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### पहले भी हो चुकी थी निर्वासित

जांच कर रहे अधिकारी के अनुसार राबिया को पिछले वर्ष मीरा भाईंदर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगस्त 2025 में उसे बांग्लादेश भेज दिया गया था। हालांकि, हाल ही में उसे फिर से विलेपार्ले क्षेत्र से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह जंगल के रास्ते सीमा पार कर दोबारा भारत में दाखिल हुई।

### जनवरी में भी हुई थीं गिरफ्तारियां


इससे पहले जनवरी में दक्षिण मुंबई से दो अन्य बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। ज़ुलेखा जमाल शेख (38) को गेटवे ऑफ इंडिया के पास पकड़ा गया था, जबकि 30 वर्षीय बिलकिस बेगम सिरमिया अख्तर को कफ परेड इलाके से हिरासत में लिया गया था। दोनों को अगस्त 2025 में निर्वासित किया गया था, लेकिन वे कथित रूप से अवैध तरीके से फिर शहर में लौट आई थीं।

### अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान तेज

मुंबई पुलिस के संयुक्त आयुक्त सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि शहर के सभी 93 पुलिस स्टेशनों को अवैध प्रवासियों की पहचान और गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। उनके अनुसार 2025 में 1,000 से अधिक लोगों को निर्वासित किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# शिक्षकों के प्रमोशन पर मचा बवाल

## संगठनों ने आरटीई नियमों को लेकर सरकार को दी चुनौती



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में शिक्षकों की पदोन्नति और टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट की अनिवार्यता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। महाराष्ट्र स्टेट शिक्षण क्रांति संगठन ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर मांग की है कि राइट टू एजुकेशन के तहत जारी सभी सरकारी प्रस्तावों को सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से रखा जाए, ताकि कार्यरत शिक्षकों के भविष्य पर मंडरा रहा खतरा टाला जा सके।

### वरिष्ठता बनाम योग्यता का टकराव

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर घागस ने स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे और प्रधान सचिव रंजीत सिंह देओल को ज्ञापन सौंपकर प्रशासनिक अव्यवस्था का मुद्दा उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए TET अनिवार्य है, यहां तक कि RTE लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को भी दो वर्ष के भीतर परीक्षा उत्तीर्ण करने का निर्देश दिया गया था। विवाद तब बढ़ा जब पदोन्नति में TET को प्राथमिकता दी जाने लगी। संगठन का आरोप है कि TET पास जूनियर शिक्षकों को उन वरिष्ठ शिक्षकों से पहले प्रमोट किया जा रहा है जिन्होंने अभी परीक्षा पास नहीं की है। इसे महाराष्ट्र प्राइवेट स्कूल्स एम्प्लॉइज रूल्स, 1981 के शेड्यूल 'F' का उल्लंघन बताया जा रहा है, जिसमें वरिष्ठता सेवा की निरंतरता के आधार पर तय होती है।

### माध्यमिक स्कूलों में भी लागू करने पर आपत्ति

संगठन ने आरोप लगाया है कि कुछ शिक्षा अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। RTE कानून 6 से 14 वर्ष (कक्षा 1 से 8) तक सीमित है, इसके बावजूद माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भी पदोन्नति के लिए TET की शर्त लागू की जा रही है, जिसे नियमों के विरुद्ध बताया गया है।

### पासिंग मार्क्स घटाने की मांग

संगठन ने TET के क्वालिफाइंग मार्क्स में बदलाव की भी मांग की है। वर्तमान में सामान्य वर्ग के लिए 60% और आरक्षित वर्ग के लिए 55% अंक अनिवार्य हैं। प्रस्ताव है कि इसे घटाकर सभी के लिए 40% किया जाए, ताकि अनुभवी शिक्षकों की नौकरी और पद सुरक्षित रह सकें।

# रोहिणी खडसे ने महिलाओं की सुरक्षा और किसानों के उठाए मुद्दे



**मुंबई।** रोहिणी खडसे ने राज्य में महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस गंभीर विषय पर सत्र में विस्तृत चर्चा हो और इसे रोकने के लिए ठोस निर्णय लिए जाएं। उन्होंने यह भी मांग की कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर राज्य सरकार अपना स्पष्ट रुख रखे और महाराष्ट्र के किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे। खडसे ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के कारण पुल गिरने और सड़कों की बदहाल स्थिति जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने इन मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा उन्होंने मराठी स्कूलों के बंद होने, स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी और उद्योगों के अन्य राज्यों में पलायन जैसे मुद्दों पर भी सरकार से संतोषजनक जवाब देने की मांग की।

# महायुति सरकार के सभी मंत्री भ्रष्ट: संजय राऊत

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा एफडीए मंत्री नरहरि झिरवल को क्लीन चिट दिए जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राऊत ने महायुति सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के सभी मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

सोमवार को मीडिया से बातचीत में राऊत ने कहा कि महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार की स्थिति ऐसी है कि मंत्रालय के प्रत्येक विभाग में छापेमारी होनी चाहिए। उन्होंने यहां तक दावा किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में भी अनियमितताएं हैं और सरकार में शामिल लोग "व्हाइट कॉलर क्रिमिनल" हैं। राऊत ने कहा कि सत्ताधारी दलों के "शत-प्रतिशत मंत्री" भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

### एसीबी की कार्रवाई पर उठाए सवाल

राऊत ने एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना किसी कार्यालय में कार्रवाई संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार दोहरी नीति अपना रही है। संजय राऊत ने कहा कि मंत्री नरहरि झिरवल आदिवासी समाज से आते हैं और उन्हें बलि का बकरा बनाया गया है। उन्होंने सरकार से पारदर्शिता बरतने और भ्रष्टाचार के मामलों में निष्पक्ष जांच की मांग की।



**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**
मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे,6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 ई-टेंडर सूचना संख्याः BCT/25-26/316 दिनांकः 17/02/2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थानः सूरतः नए TRIP शेड का निर्माण (विद्युत भाग सहित समग्र/कंपोजिट निविदा)। उधनाः प्लेटफॉर्म संख्या 6 पर कवर शेड उपलब्ध कराना, शौचालय ब्लॉक, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना। कार्य की अनुमानित लागतः 20,58,44,062.20 ईएमडी : 11,79,200/- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 17.03.2026 को 15:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 17.03.2026 को 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1138
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# महाराष्ट्र सरकार का इवॉल्व कंपनी से समझौता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने ऑस्ट्रेलिया की इवॉल्व कंपनी के साथ समझौता (एमओयू) किया है। कंपनी नवी मुंबई, पुणे और नागपुर में करीब 300 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे 1,075 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। राज्य के उद्योग विभाग ने इसकी जानकारी दी। विधान भवन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव डॉ. पी. अन्बलगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार कौस्तुभ धवसे, इवॉल्व के कंट्री हेड आदित्य शर्मा और कंपनी के इंडियन पार्टनर रुस्तम केरावाला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान भवन में ट्रांज़ैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस 2.0) का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के तहत तेज, पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हजारों मरीजों को मिलेगा लाभ



मुख्यमंत्री ने बताया कि टीएमएस 2.0 के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। इसके तहत राज्य के 4,537 अस्पतालों में 2,399 प्रकार के मुफ्त इलाज की सुविधा का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। सरकार का दावा है कि इससे मरीजों को सरल और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होगी।

**पश्चिम रेलवे**
**कवर शेड का विस्तार एवं संबद्ध सुविधाएं**
मंडल रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 **ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/317 दिनांक: 17/02/2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** मुंबई सेंट्रल (CFO यार्ड) – पिट लाइन क्रमांक 5 एवं 6 का विस्तार, 60 मीटर कवर शेड के साथ तथा अन्य संबंधित सुविधाएं (समेकित निविदा)। **कार्य की अनुमानित लागत:** 9,34,30,532.59 **जमानत राशि (EMD):** 6,17,200/- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 17.03.2026 तक, 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 17.03.2026 को 15:30 बजे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1144
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**Change Of Name**
I, Kailash Kaur, wife of late Dilawar Singh Parmar, Ex-YS, NO 87472A R/O BABAJI KI CHAWL, KALYAN THANE, Pin 421301 (Maharashtra), Have Changed my name from Kailash Kaur to Kailash Kaur Parmar Vide Affidavit.

**मध्य रेल**
**विभिन्न कार्य**
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (स.मा.वि .) सवारी व मालडिब्बा कारखाना, माटुंगा, मुंबई - 400019. **निविदा सूचना क्र.: CWE /MTN/85257618 /2025 due on 27-Feb-2026. निविदा विवरण:** इस सेट में मेसर्स फेवेले (एफटीआईएल) कंपनी के एलएचबी - ईओजी कोच के लिए ब्रेक कैलिपर और ब्रेक सिलेंडर के 3 आइटम शामिल हैं, जो आरडीएसओ विनिर्देश संख्या: आरडीएसओ/2011/सीजी-04 संशोधन-03 के अनुरूप हैं। (1) ब्रेक कैलिपर यूनिट, लीवरेज अनुपात 2.17, एफटीआईएल पार्ट नंबर D127550-600, प्रति सेट 4 नग। (2) ब्रेक सिलेंडर पीबीईसी (90 डिग्री), एफटीआईएल पार्ट नंबर 4F - 130199, प्रति सेट 2 नग। (3) ब्रेक सिलेंडर पीबीईसी (270 डिग्री), एफटीआईएल पार्ट नंबर 4F- 130200, प्रति सेट 2 नग। स्वीकृत ब्रांड: आइटम कोड 3316N284। **मात्रा:** 10 Set. **नियत तारीख:** 23-Mar-2026. **राशि:** 11150457. AK-926
असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है


# बीएमसी सुधार समिति की कमान अब शिंदे सेना के हाथ

## संध्या विपुल दोषी को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में अहम परिवर्तन हुआ है। महानगरपालिका की सुधार समिति, जो शहर के शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के नियोजन के लिए जिम्मेदार प्रमुख वैधानिक निकाय है, का गठन अब पूर्ण हो गया है। सोमवार को आयोजित विशेष बैठक में शिंदे सेना की संध्या विपुल दोषी (साकरे) को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया।

सुधार समिति के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी तथा मुंबई की महापौर रितु तावड़े ने संध्या विपुल दोषी के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की। चूंकि इस पद के लिए वे एकमात्र उम्मीदवार थीं और केवल उन्होंने ही नामांकन भरा था, इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उनकी नियुक्ति को वर्ष 2026 के महानगरपालिका चुनाव के बाद नागरिक प्रशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### सुधार समिति की भूमिका और जिम्मेदारी

सुधार समिति मुंबई के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह निकाय मुख्य रूप से शहरी विकास, नगर नियोजन तथा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उनकी निगरानी के लिए उत्तरदायी है।

### विशेष महासभा में 26 पार्षद नामित

महानगरपालिका चुनाव 2026 के बाद 16 फरवरी को विशेष महासभा बुलाई गई थी, जिसमें सुधार समिति के संचालन के लिए कुल 26 पार्षदों को नामित किया गया। इसी नीति निर्धारक निकाय के नेतृत्व का चयन करने हेतु सोमवार को विशेष बैठक आयोजित की गई, जहां सत्तापक्ष ने निर्विरोध विजय प्राप्त की।

महानगरपालिका की अन्य प्रमुख समितियों के अध्यक्षों का चयन भी हाल ही में निर्विरोध किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभाकर शिंदे को स्थायी समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि भाजपा की पार्षद राजश्री शिरवडकर को शिक्षा समिति की अध्यक्ष बनाया गया। सुधार समिति में शिंदे सेना के नेतृत्व के साथ अब महानगरपालिका की मुख्य समितियों की जिम्मेदारी स्पष्ट हो गई है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**स्वास्थ्य विभाग**
के. बी. भाभा अस्पताल, आर. के. पाटकर मार्ग, बांद्रा (प.), मुंबई–400050
क्रमांकः HO/11206/KBB दिनांकः 23.02.2026
**ई-निविदा सूचना**
बृहन्मुंबई महानगरपालिका (MCGM) के आयुक्त द्वारा पात्र विक्रेताओं/ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः

| क्र. सं. | विवरण | जानकारी |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा / बिड क्रमांक | 2026_MCGM_1280838 |
| 2 | विभाग | परिधीय अस्पताल |
| 3 | निविदा का विषय | के. बी. भाभा अस्पताल, बांद्रा (प.) के डीजी सेट अस्पताल भवन हेतु सुरक्षा जाली (Protective Safety Grill) एवं वेदरप्रूफ शेड की स्थापना। |
| 4 | संपर्क विवरण | चिकित्सा अधीक्षक,दूरभाषः 022-26422775 विस्तार 4505,ईमेलः bhabha.bandra@yahoo.com |
| 5 | वेबसाइट | www.mahatender.gov.in |

ई-निविदा महाटेंडर पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है अथवा अधिक जानकारी हेतु 022-26422775 विस्तार 4506 पर संपर्क करें।

दिनांकः 23.02.2026
स्थानः मुंबई

हस्ता/-
उप चिकित्सा अधीक्षक
के. बी. भाभा अस्पताल, बांद्रा (प.)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# कट्टरता की आग और राख होते राष्ट्र

उत्तराखंड के कोटद्वार में 'मोहम्मद दीपक' मामला— जहां एक हिंदू युवक दीपक कुमार ने एक बुजुर्ग मुस्लिम दुकानदार को उन्मादी भीड़ से बचाने के लिए अपनी पहचान को 'मोहम्मद दीपक' के रूप में साझा किया—यह केवल व्यक्तिगत साहस की एक छोटी कहानी मात्र नहीं है। यह उस ज़हरीली कट्टरता के खिलाफ एक ज़ोरदार मानवीय प्रतिवाद है, जो आज दुनिया के कई समृद्ध राष्ट्रों को भीतर से खोखला कर रही है। जब किसी राष्ट्र की रगों में तर्क, विज्ञान और सहिष्णुता के बजाय धार्मिक या वैचारिक उन्माद का संचार होने लगता है, तो वह प्रगति के सुनहरे पथ से भटक कर विनाश के गहरे गर्त में गिर जाता है। इतिहास गवाह है कि जिन देशों ने अपनी राष्ट्रीय पहचान को संकीर्ण धार्मिक चश्मे से देखना शुरू किया, वे आज भुखमरी, गृहयुद्ध और पूर्ण राजनीतिक अस्थिरता के भयावह मोड़ पर खड़े हैं। कट्टरता के विनाशकारी प्रभावों को हम अफगानिस्तान, पाकिस्तान, सीरिया और यमन के वर्तमान हालातों में स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। अफगानिस्तान में तालिबानी कट्टरपंथ ने आधी आबादी यानी महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक जीवन से पूरी तरह बेदखल कर देश को मध्यकालीन अंधकार में धकेल दिया है। पाकिस्तान, जो कभी दक्षिण एशिया की उभरती अर्थव्यवस्था माना जाता था, आज धार्मिक तुष्टीकरण और चरमपंथी समूहों को संरक्षण देने की नीति के कारण आर्थिक दिवालियेपन और निरंतर आंतरिक आतंकी हमलों से जूझ रहा है। वहीं, सीरिया और यमन जैसे देश सालों से चल रहे उस संप्रदायवादी गृहयुद्ध की राख बन चुके हैं, जिसने करोड़ों लोगों को दर-ब-दर विस्थापित कर दिया और वहां की पूरी बुनियादी संरचना को मलबे में तब्दील कर दिया। अफ्रीका और एशिया के अन्य हिस्सों में भी कट्टरता ने सोमालिया, सूडान, लीबिया और म्यांमार जैसे देशों को बर्बादी की कगार पर ला खड़ा किया है। सोमालिया दशकों से 'अल-शबाब' जैसे कट्टरपंथी समूहों के कारण एक 'विफल राष्ट्र' (Failed State) की वैश्विक पहचान बन चुका है, जहां विकास शब्द का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। म्यांमार में धार्मिक और जातीय कट्टरता ने रोहिंग्या संकट को जन्म दिया, जिससे देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और आंतरिक सुरक्षा दोनों ही धूमिल हुईं। लीबिया और सूडान में वैचारिक हठधर्मिता ने सत्ता के ऐसे अंतहीन संघर्ष को जन्म दिया है, जिसने वहां की विपुल प्राकृतिक संपदा को भी आम नागरिक के लिए एक बोझ बना दिया है। ये सभी उदाहरण चीख-चीख कर बताते हैं कि कट्टरता केवल समुदायों के बीच दीवारें खड़ी नहीं करती, बल्कि पूरे देश के भविष्य को ही जलाकर राख कर देती है। अंततः, कोटद्वार के दीपक कुमार को मिल रही धमकियां और उनके व्यवसाय पर हुए हमले यह चेतावनी हैं कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में कट्टरता की इन चिंगारियों को समय रहते रोकना अनिवार्य है। दुनिया के ये आठ बर्बाद होते देश हमारे लिए एक जीवंत सबक हैं कि जब मजहबी या वैचारिक जुनून देश के संविधान और कानून से ऊपर हो जाता है, तो न्याय की हत्या हो जाती है और राष्ट्र का ढांचा बिखरने लगता है। हमें यह गहराई से समझना होगा कि किसी भी देश की असली ताकत उसकी सेना की संख्या या हथियारों की मारक क्षमता में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के बीच आपसी भरोसे, सौहार्द और वैज्ञानिक सोच में निहित होती है। अगर हम 'मोहम्मद दीपक' जैसे मानवीय प्रतीकों की रक्षा करने में विफल रहे, तो हम भी अनजाने में उसी विनाशकारी राह की ओर कदम बढ़ा देंगे जहां केवल नफरत का धुआं और अस्थिरता का शेष रह जाता है।

# प्रदूषण : विकास की कीमत या मानव की भूल



**डॉक्टर बबलू सोनकर**
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा
प्रयागराज

**विभिन्न अध्ययनों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में बच्चों में अस्थमा के लक्षण 10 से 15 प्रतिशत तक पहुंच चुके हैं। प्रदूषित वातावरण में लंबे समय तक रहने वाले व्यक्ति की औसत आयु 3 से 5 वर्ष तक कम हो सकती है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर इसका प्रभाव अधिक गंभीर होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है। चिकित्सकीय दृष्टि से यह भी स्पष्ट है कि वायु प्रदूषण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाता है।**

आज जब मैं एक चिकित्सक के रूप में अपने क्लिनिक में आने वाले मरीजों को देखता हूं, तो सबसे अधिक जो समस्या सामने आती है, वह है श्वास संबंधी रोगों में लगातार वृद्धि। यह समस्या केवल बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रही। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के साथ-साथ प्रयागराज जैसे अपेक्षाकृत छोटे शहरों में भी हवा की गुणवत्ता चिंताजनक स्तर तक गिर चुकी है। विश्व स्तर पर अनुमान है कि हर वर्ष लगभग 70 लाख लोग वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण असमय मृत्यु का शिकार होते हैं। भारत में भी प्रदूषित हवा समयपूर्व मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल हो चुकी है।
एक डॉक्टर होने के नाते यह मेरे लिए केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि प्रतिदिन आंखों के सामने घटती वास्तविकता है।
वायु में मौजूद सूक्ष्म कण, विशेषकर पीएम 2.5 और पीएम 10, मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहे हैं। सुरक्षित वार्षिक सीमा जहां 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर मानी जाती है, वहीं हमारे कई शहरों में यह स्तर 40 से 90 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक दर्ज किया जाता है। सर्दियों के महीनों में तो यह 200 के पार भी पहुंच जाता है। इसका सीधा अर्थ है कि हर सांस के साथ हमारे फेफड़ों में अदृश्य विषाक्त तत्व प्रवेश कर रहे हैं।
चिकित्सा परीक्षणों में यह पाया गया है कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से फेफड़ों की कार्यक्षमता घटती है और रक्त में ऑक्सीजन का स्तर प्रभावित होता है। मेरे क्लिनिक में आने वाले अनेक मरीजों में लगातार खांसी, सांस फूलना, सीने में जकड़न और एलर्जी की शिकायत सामान्य होती जा रही है। सबसे दुखद तथ्य यह है कि यह प्रदूषण किसी प्राकृतिक जीव द्वारा



नहीं फैलाया जा रहा, बल्कि स्वयं मनुष्य इसकी जड़ में है। वाहनों का अत्यधिक उपयोग, डीजल और पेट्रोल का अनियंत्रित दहन, औद्योगिक इकाइयों से निकलता धुआं, निर्माण स्थलों की उड़ती धूल और खुले में कचरा जलाना — ये सब हमारी ही गतिविधियों के परिणाम हैं। भारत में पंजीकृत वाहनों की संख्या 30 करोड़ से अधिक हो चुकी है, और हर वर्ष इसमें लाखों की वृद्धि हो रही है। छोटे शहरों में भी निजी वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। प्रयागराज जैसे शहरों में पिछले दशक में यातायात का दबाव लगभग दोगुना हुआ है। सार्वजनिक परिवहन की सीमित व्यवस्था लोगों को निजी साधनों पर निर्भर करती है, जिससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ता है।
स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक है। अस्थमा, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का संक्रमण और यहां तक कि फेफड़ों के कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में बच्चों में अस्थमा के लक्षण 10 से 15 प्रतिशत तक पहुंच चुके हैं। प्रदूषित वातावरण में लंबे समय तक रहने वाले व्यक्ति की औसत आयु 3 से 5 वर्ष तक कम हो सकती है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर इसका प्रभाव अधिक गंभीर होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है। चिकित्सकीय दृष्टि से यह भी स्पष्ट है कि वायु प्रदूषण हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाता है। छोटे शहरों की स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि वहां प्रदूषण की निगरानी और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित होती हैं।
प्रयागराज जैसे शहरों में तेजी से हो रहा शहरीकरण, पेड़ों की कटाई, हरित क्षेत्रों में कमी और अनियोजित निर्माण कार्यों ने वातावरण की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। वैज्ञानिकों का सुझाव है कि शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति कम से कम 9 वर्ग मीटर हरित क्षेत्र होना चाहिए, जबकि वास्तविकता इससे काफी कम है। जब हम पेड़ों को काटते हैं, तो हम अपने ही फेफड़ों की प्राकृतिक ढाल को कमजोर करते हैं। नदी किनारे अतिक्रमण, धूल भरे मार्ग और बढ़ती आबादी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। मनुष्य को पृथ्वी पर श्रेष्ठ इसलिए माना गया कि वह विवेकपूर्ण निर्णय ले सके। यदि प्रदूषण का मूल कारण मनुष्य है, तो समाधान भी उसी के हाथ में है। सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देना, विद्युत और स्वच्छ ऊर्जा आधारित वाहनों को बढ़ावा देना, कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करना, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण लागू करना और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है। एक चिकित्सक के रूप में मेरा अनुभव है कि स्वास्थ्य केवल दवाओं और अस्पतालों से सुरक्षित नहीं होता, बल्कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और संतुलित पर्यावरण से सुरक्षित होता है।

## हमारी गीता

# अर्जुन का रथ : जीवन की गहरी सीख



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

ततः श्वेतैर्हयैर्युक्ते महति स्यन्दने स्थितौ।
माधवः पाण्ड+वश्चैव दिव्यौ शंखौ प्रदध्मतुः।।

महाभारत के युद्ध का वर्णन करते समय संजय पहले दुर्योधन की चिंताओं और उसके व्यवहार को बताते हैं। इसके बाद वे पांडवों का चित्र प्रस्तुत करते हैं। जैसे ही वर्णन अर्जुन के रथ पर आता है, दृश्य अत्यंत भव्य और अर्थपूर्ण हो उठता है। श्वेत घोड़ों से जुड़े विशाल रथ में भगवान श्रीकृष्ण और पराक्रमी योद्धा अर्जुन खड़े हैं और अपने दिव्य शंख बजा रहे हैं। यह केवल युद्ध का संकेत नहीं, बल्कि सत्य और धर्म की उद्घोषणा है। अर्जुन का रथ साधारण नहीं था। उसके घोड़े सफेद थे, जो पवित्रता, शक्ति और अनुशासन का प्रतीक हैं। रथ के ध्वज पर हनुमान जी विराजमान थे, जो साहस और अटूट विश्वास का संदेश देते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि उस रथ की बागडोर स्वयं श्रीकृष्ण के हाथों में थी। जब जीवन की दिशा किसी ज्ञानी और सत्यनिष्ठ मार्गदर्शक के हाथ में हो, तब सफलता की संभावना बढ़ जाती है। यह प्रसंग केवल एक युद्ध कथा नहीं है, बल्कि हमारे जीवन का प्रतीक है। हमारे



शरीर को भी एक रथ माना गया है। आत्मा उसका स्वामी है, बुद्धि सारथी है और मन बागडोर है। हमारी पांच इंद्रियां घोड़ों की तरह अलग-अलग विषयों की ओर दौड़ती रहती हैं। यदि मन अस्थिर हो जाए और बुद्धि कमजोर पड़ जाए, तो जीवन भटक सकता है। लेकिन यदि बुद्धि सजग रहे और मन नियंत्रित हो, तो इंद्रियां सही दिशा में चलती हैं और जीवन लक्ष्य की ओर बढ़ता है। अर्जुन का रथ विजय रथ इसलिए था क्योंकि उसमें विवेक, संयम और विश्वास का संतुलन था। हमें भी अपने जीवन में यही संतुलन बनाए रखना चाहिए। जब हम सही मार्गदर्शन, धैर्य और आत्मसंयम के साथ आगे बढ़ते हैं, तब जीवन की हर चुनौती को पार कर सकते हैं। यही अर्जुन के रथ की सच्ची और प्रेरक सीख है।

## शख्सियत
जाकिर हुसैन

# लय, साधना और वैश्विक प्रतिष्ठा की प्रेरक यात्रा



**भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौरवशाली परंपरा में जाकिर हुसैन का नाम असाधारण सम्मान के साथ लिया जाता है। 24 फरवरी 1951 को जन्मे इस विलक्षण कलाकार ने तबले को नई पहचान और नई ऊंचाई दी।**

उन्होंने यह सिद्ध किया कि तबला केवल संगत का वाद्य नहीं, बल्कि स्वयं में एक स्वतंत्र, प्रभावशाली और भावपूर्ण कला है। उनकी थाप में लय की सटीकता के साथ आत्मा की गूंज सुनाई देती है। उनके पिता उस्ताद अल्ला रक्खा विश्वविख्यात तबला वादक थे। घर का वातावरण सुर और ताल से भरा रहता था। बचपन से ही जाकिर हुसैन ने रियाज को जीवन का हिस्सा बना लिया। कहा जाता है कि उन्होंने बोलना सीखने से पहले तबले के बोलों को पहचानना शुरू कर दिया था। यह असाधारण प्रतिभा अवश्य थी, किंतु उससे अधिक महत्वपूर्ण था उनका कठोर अनुशासन और गुरु के प्रति अटूट समर्पण। उन्होंने प्रारंभ से ही समझ लिया था कि कला में श्रेष्ठता पाने के लिए निरंतर अभ्यास और धैर्य अनिवार्य है। कम आयु में ही उन्होंने मंच पर प्रस्तुति देना शुरू कर दिया। उनकी उंगलियों की तीव्रता, बोलों की स्पष्टता और लय की गहराई ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वे शीघ्र ही भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रमुख कलाकारों के साथ जुड़ गए। हर प्रस्तुति में उनका आत्मविश्वास और विनम्रता साथ-साथ दिखाई देती है। वे परंपरा के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए उसमें नवीनता का स्पर्श जोड़ते हैं। यही संतुलन उन्हें विशिष्ट और युग-निर्माता बनाता है। जाकिर हुसैन ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न देशों के कलाकारों के साथ सहयोग किया और नई संगीत शैलियों के साथ संवाद स्थापित किया। इन प्रयोगों ने यह सिद्ध किया कि संगीत किसी एक संस्कृति की सीमाओं में बंधा नहीं है। उनकी थाप ने भारतीय ताल को विश्वभर में नई पहचान दिलाई। यह केवल कलात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद का सशक्त उदाहरण है। उनकी सफलता के पीछे वर्षों की तपस्या छिपी है। वे आज भी नियमित रियाज करते हैं और स्वयं को विद्यार्थी मानते हैं। यही विनम्रता उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। वे मानते हैं कि सीखना कभी समाप्त नहीं होता। मंच कितना भी बड़ा क्यों न हो, कलाकार को अपनी साधना से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। जाकिर हुसैन का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने दिखाया कि यदि जड़ों से जुड़ाव और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो वैश्विक पहचान प्राप्त करना संभव है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को गर्व के साथ विश्व के सामने प्रस्तुत किया और यह संदेश दिया कि अपनी परंपरा में विश्वास रखना ही वास्तविक आत्मबल है। उन्हें अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया, किंतु उनकी असली पहचान उनके संगीत में है। जब वे तबले पर थाप देते हैं, तो केवल ध्वनि नहीं, बल्कि भावना और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। श्रोता उनके वादन में आनंद, शांति और उत्साह का अद्भुत संगम अनुभव करते हैं।

## जीवन ऊर्जा
स्टीव जॉब्स : जन्म - 24 फरवरी 1955
जन्म

# जीवन का उद्देश्य कुछ अलग कर दिखाना है

**स्टीव जॉब्स तकनीकी नवाचार के प्रतीक और एप्पल के सहसंस्थापक थे। उनका जन्म 24 फरवरी 1955 को हुआ। उन्होंने कंप्यूटर, संगीत और दूरभाष जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। दूरदर्शी सोच, सृजनात्मकता और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने आधुनिक तकनीक को नई दिशा दी।**

स्टीव जॉब्स के 35 प्रेरक कथन
आपका समय सीमित है, इसलिए इसे किसी और का जीवन जीने में व्यर्थ मत कीजिए। नवाचार ही नेता और अनुयायी के बीच अंतर पैदा करता है। भूखे रहो, जिज्ञासु रहो। महान कार्य करने का एकमात्र तरीका है कि आप अपने काम से प्रेम करें। डिजाइन केवल यह नहीं है कि चीज कैसी दिखती है, बल्कि यह है कि वह काम कैसे करती है। गुणवत्ता का मापदंड बनिए। कुछ लोग ऐसे वातावरण के आदी नहीं होते जहां उत्कृष्टता की अपेक्षा की जाती है। कभी-कभी जीवन आपको सिर पर ईंट से मारता है, लेकिन विश्वास मत खोइए। मैं सबसे अमीर व्यक्ति बनकर कब्रिस्तान नहीं जाना चाहता; मैं वह करना चाहता हूं जिस पर मुझे गर्व हो। सृजनात्मकता चीजों को जोड़ने की कला है। सरलता ही सर्वोच्च परिष्कार है। आपको पहले स्वयं पर भरोसा करना होगा। गलतियां करना ठीक है, बस उनसे सीखना जरूरी है। फोकस और सरलता—ये दो बातें हर उत्पाद को महान बनाती हैं। यदि आप असफलता से डरते हैं, तो आप नवाचार नहीं कर सकते। अपने




दिल और अंतर्ज्ञान की सुनिए, वे पहले से जानते हैं कि आप क्या बनना चाहते हैं। जो लोग दुनिया को बदलने का साहस रखते हैं, वही उसे बदलते हैं। कठिन निर्णय ही भविष्य की दिशा तय करते हैं। छोटी टीम भी बड़े सपने साकार कर सकती है। ग्राहक हमेशा नहीं जानते कि उन्हें क्या चाहिए, जब तक आप उन्हें दिखा न दें। समय सबसे मूल्यवान संसाधन है। सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए जुनून जरूरी है। हम यहां ब्रह्मांड में एक छाप छोड़ने आए हैं। उत्कृष्टता की आदत डालिए। हर दिन को ऐसे जिएं जैसे वह आपका अंतिम दिन हो। सीखना कभी मत छोड़िए। सफलता उन्हीं को मिलती है जो जोखिम उठाते हैं। साहस का अर्थ है अलग सोचना। भविष्य उन्हीं का है जो कल्पना करने की हिम्मत रखते हैं। सही लोगों के साथ काम करना ही सबसे बड़ी ताकत है। दृष्टि के बिना प्रगति संभव नहीं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# जीवन की दौड़ और परोपकार के हीरे

एक प्राचीन गुरुकुल में एक प्रसिद्ध ऋषि बालकों को शिक्षा प्रदान किया करते थे। उनके आश्रम में राजकुमारों से लेकर साधारण परिवारों के बालक तक समान रूप से शिक्षा प्राप्त करते थे। वहां न किसी के कुल का अभिमान था, न धन का प्रभाव। सभी शिष्य एक ही नियम, एक ही अनुशासन और एक ही स्नेह के वातावरण में पल्लवित होते थे।
वर्षों की कठोर साधना और अध्ययन के बाद वह दिन आया जब शिष्यों की शिक्षा पूर्ण होने वाली थी। गुरुकुल में विदाई का भावनात्मक वातावरण था—एक ओर घर लौटने की प्रसन्नता, तो दूसरी ओर गुरु और साथियों से बिछड़ने की कसक। विदा से पहले ऋषिवर ने सभी शिष्यों को एकत्र किया और कहा—प्रिय शिष्यों, आज यहां आपका अंतिम दिन है। मैं



चाहता हूं कि आप सब प्रस्थान से पहले एक विशेष दौड़ में भाग लें। यह साधारण दौड़ नहीं, बल्कि बाधा दौड़ होगी।
इसमें आपको ऊंची दीवार लांघनी होगी, जल में दौड़ना होगा और अंत में एक अंधेरी सुरंग पार करनी होगी। वही आपकी अंतिम परीक्षा होगी। सभी शिष्य उत्साहपूर्वक तैयार हो गए। दौड़ प्रारंभ हुई।
युवा जोश से भरे शिष्य तीव्र गति से आगे बढ़े। किसी ने ऊंची दीवार फांदी, किसी ने कीचड़ में संतुलन बनाया, तो किसी ने गिरकर फिर उठने का साहस दिखाया।अनेक कठिनाइयों को पार करते हुए वे अंततः उस अंधेरी सुरंग तक पहुंचे। सुरंग में प्रवेश करते ही उन्हें घोर अंधकार का सामना करना पड़ा। जैसे ही उन्होंने आगे कदम बढ़ाए, उनके पांवों में नुकीले पत्थर चुभने लगे। पीड़ा इतनी तीव्र थी कि कई शिष्य लड़खड़ा गए। कुछ ने गति बढ़ाकर जल्दी बाहर निकलने का प्रयास किया। कुछ ने दूसरों को धक्का देकर स्वयं को आगे बढ़ाया। किंतु कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने अपने दर्द की परवाह किए बिना मार्ग में पड़े पत्थरों को उठाना शुरू किया।
वे उन्हें अपनी जेब में भरते जा रहे थे, ताकि पीछे आने वालों को चोट न लगे। उनकी गति धीमी अवश्य हुई, पर उनके हृदय में करुणा की ज्योति प्रज्वलित थी। अंततः सभी शिष्य सुरंग पार कर गुरुकुल प्रांगण में लौट आए। ऋषिवर ने पूछा—कुछ ने दौड़ शीघ्र पूरी की और कुछ ने देर से। ऐसा क्यों? एक शिष्य ने उत्तर दिया—गुरुवर, सुरंग में कुछ लोग दूसरों को धक्का देकर आगे बढ़े, कुछ सावधानी से चले, और कुछ मार्ग के पत्थर हटाते रहे। इसी कारण समय में अंतर आया। ऋषिवर ने मुस्कराते हुए कहा—जो शिष्य पत्थर उठाकर लाए हैं, वे सामने आएं। कुछ शिष्य आगे आए और अपनी जेबों से पत्थर निकालने लगे। किंतु आश्चर्य! वे पत्थर नहीं, बहुमूल्य हीरे थे। सभी शिष्य स्तब्ध रह गए। ऋषिवर बोले—इन हीरों को मैंने ही सुरंग में रखवाया था। यह उन शिष्यों का पुरस्कार है, जिन्होंने दूसरों के कष्ट को कम करने का प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा—यह दौड़ जीवन की प्रतीक है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

यह प्रदर्शन विपक्ष की गंदी और नग्न राजनीति है ,इसने देश को विदेशी मेहमानों के सामने शर्मसार करने की कोशिश की है। इतना ही नही,देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से इतनी दरिद्र हो चुकी है कि अब वह ऐसी हरकतें करने पर उतारू है।



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री भारत

हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है।



सैम पित्रोदा
अध्यक्ष,ओवरसीज कांग्रेस

अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई करती है तो भी वे किसी तरह का कोई विरोध नहीं करेंगे और पूरी तरह सहयोग करेंगेएजनता सब देख रही है और सच्चाई सामने आकर रहेगी।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती
शंकराचार्य

मैं सोच रही थी कि दीदी बंगाल में हैं और भैया दिल्ली में। याद है? भैया को भगा दिया गया। अब किसकी बारी है? दोनों एक जैसे थे। उन्हें हर चीज पर अपना नाम चाहिए। यह जनता का पैसा है, इसे जनहित में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हम बंगाल के विकास के लिए लाखों-करोड़ों रुपए भेजते हैं। क्या यह गरीबों तक पहुंच रहा है?



रेखा गुप्ता
सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).


## ब्रीफ न्यूज़

### मनपा सभागृह व विरोधी दल नेता नियुक्त



**ठाणे।** मनपा सभागृह नेता पद पर शिवसेना के हनुमंत जगदाले और विरोधी दल के नेता पद पर राकांपा के अशरफ शानू पठान की नियुक्ति की गई। महापौर शर्मिला पिंपलोलकर ने इसकी घोषणा महासभा में की। इस अवसर पर उपमहापौर कृष्णा पाटील, मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी और प्रशांत रोडे, तथा मनपा सचिव मनीष जोशी उपस्थित थे। महापौर और आयुक्त ने दोनों नेताओं को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### संत गाडगे महाराज के तस्वीर पर महापौर ने किया माल्यार्पण



**ठाणे।** संत गाडगे बाबा जयंती के अवसर पर ठाणे मनपा की ओर से मुख्यालय स्थित स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में महापौर शर्मिला पिंपलोलकर ने संत गाडगे महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, नगरसेवक संजय वाघुले, नगरसेविका पद्मा भगत, उपायुक्त जी.जी. गोदापुरे, उमेश बिरारी सहित मनपा के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संत गाडगे महाराज जयंती पर जिलाधिकारी कार्यालय में अभिवादन



**ठाणे।** महान समाज सुधारक और स्वच्छता व सामाजिक समानता के प्रणेता संत गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने जिलाधिकारी कार्यालय में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, उपजिलाधिकारी रूपाली भालके, वैशाली माने, वरुण कुमार सहारे, शशिकांत गायकवाड़, तहसीलदार सचिन चौधर, संदीप थोरात, अमोल कदम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमाई के ट्रैक पर 'सुपरफास्ट' दौड़ी मध्य रेलवे

## मध्य रेलवे ने यात्री एवं वाणिज्यिक परिवहन से 14,441 करोड़ रुपये की आय दर्ज की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मध्य रेल ने वित्त वर्ष 2025-26 (जनवरी 2026 तक) के लिए मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। यात्री एवं वाणिज्यिक परिवहन से कुल 14,441.23 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई। इसमें यात्री परिवहन से 6,561.38 करोड़ रुपये, माल परिवहन से 6,741.29 करोड़ रुपये, अन्य कोचिंग सेवाओं से 640.80 करोड़ रुपये और विविध मदों से 497.76 करोड़ रुपये की आय शामिल है।

**कमाई का लेखा-जोखा (जनवरी तक):**
- **यात्री टिकट: 6,561 करोड़ रुपये (लोगों की आवाजाही से)**
- **माल धुलाई: 6,741 करोड़ रुपये (कोयला, अनाज और सामान ढोने से)**
- **पार्सल और अन्य: 640 करोड़ रुपये**



### अन्य कोचिंग आय

अन्य कोचिंग आय में गैर-किराया पहलों से 108.58 करोड़ रुपये और पार्सल परिवहन से 209.97 करोड़ रुपये की आय शामिल है। जनवरी 2026 में, इस आय का हिस्सा 63.90 करोड़ रुपये रहा, जिसमें गैर-किराया पहलों से 11.71 करोड़ और पार्सल परिवहन से 22.03 करोड़ रुपये की आय शामिल रही।

### ट्रेन संचालन

जनवरी 2026 के दौरान मध्य रेल ने 171 निर्धारित समय सारणीबद्ध, पट्टे पर ली गई और अनुबंधित ट्रेनों (ट्रिप) का संचालन किया। प्रमुख सेवाओं में भिवंडी रोड-सांकरेल माल यार्ड, देवलाली-दानापुर (शेतकरी समृद्धि एक्सप्रेस) और रेनिगुंटा-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं।

### जनवरी 2026 में आय

जनवरी 2026 में मध्य रेल ने कुल 1,579.80 करोड़ रुपये की यात्री और वाणिज्यिक आय दर्ज की। यात्री आय 680.30 करोड़ रुपये, माल आय 784.07 करोड़ रुपये, अन्य कोचिंग आय 63.90 करोड़ रुपये और विविध आय 51.53 करोड़ रुपये रही।

### ई-नीलामी और अनुबंध

जनवरी 2026 में गैर-किराया पहलों के तहत ई-नीलामी के माध्यम से 14 अनुबंध दिए गए, जिससे कुल 244.51 लाख रुपये का वार्षिक लाइसेंस शुल्क प्राप्त हुआ। मुंबई मंडल, भुसावल मंडल और नागपुर मंडल में विभिन्न विज्ञापन, स्टॉल, प्रतीक्षा कक्ष और अन्य परिसंपत्तियों के अनुबंध शामिल थे।

# डॉ. कैलाश पवार को 'वंदनीय बालासाहेब ठाकरे आरोग्य रत्न' सम्मान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/ठाणे**

ठाणे जिला सिविल अस्पताल में सर्जन के पद पर कार्यरत डॉ. कैलाश पवार को राज्य सरकार द्वारा प्रतिष्ठित 'वंदनीय बालासाहेब ठाकरे आरोग्य रत्न' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया गया यह राज्य स्तरीय सम्मान ठाणे जिले के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है।

### यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित हुआ समारोह



मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मेघना साकोरे बोर्डिकर, डिप्टी मेयर संजय घाडी, स्वास्थ्य सचिव ई. रवींद्रन और स्वास्थ्य आयुक्त कादंबरी बालकवड़े ने डॉ. पवार को पदक, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी उपस्थित रहे। डॉ. पवार ने अपने कार्यकाल के दौरान 'पेशेंट फर्स्ट' की नीति पर काम करते हुए विशेष पहचान बनाई। कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में ठाणे सिविल अस्पताल में उन्होंने प्रभावी नेतृत्व और समन्वय का परिचय दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद मरीजों को समय पर उपचार, आवश्यक सुविधाएं और मनोवैज्ञानिक सहयोग उपलब्ध कराने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। डॉ. पवार के प्रयासों से अस्पताल की 976 बेड की क्षमता बढ़ाकर 2572 बेड की गई और भविष्य में इसे 4610 बेड तक विस्तारित करने की योजना पर काम जारी है।

# मध्य रेल के नए 'ऑपरेशन हेड' बने अरविंद मालखेड़े, कार्यभार संभाला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

अरविंद मालखेड़े ने मध्य रेल के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने एस एस गुप्ता का स्थान लिया, जिन्होंने रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक (बुनियादी ढांचा) के रूप में कार्यभार संभाला है।

### अनुभवी इंजीनियर और सामाजिक कार्यकर्ता

अरविंद मालखेड़े मैकेनिकल इंजीनियर हैं और चेवनिंग गुरुकुल के विद्वान भी हैं। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (LSE) से नेतृत्व और प्रबंधन कार्यक्रम में प्रशिक्षण लिया और यूरोप के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से परिचित हुए। इसके अलावा, वे मुंबई में बेघर बच्चों के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े हैं।



### व्यापक अनुभव और पिछला कार्यकाल

मालखेड़े 1991 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं और उन्होंने मध्य रेल के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, और दक्षिण पश्चिम रेलवे के हुब्बल्लि मंडल के मंडल रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में मुख्य माल परिवहन प्रबंधक (सीएफटीएम) के रूप में लुमडिंग-बदरपुर-सिलचर लाइन के गेज परिवर्तन कार्य का सफलतापूर्वक संचालन किया और दूरस्थ राज्यों में खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की।

### परिचालन और वाणिज्यिक विभागों में योगदान

मालखेड़े ने मध्य रेल में परिचालन, वाणिज्य और सामान्य प्रशासन के कई पदों पर कार्य किया है। वे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (माल ढुलाई), उप महाप्रबंधक (सामान्य), उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (यातायात) और अन्य पदों पर कार्यरत रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने IRCTC और CONCOR में भी विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं, जैसे अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (ICD) की स्थापना और संचालन।

# बेंगलुरु-बीदर और बेंगलुरु कैंटोनमेंट-कलबुर्गी स्पेशल ट्रेनों की सर्विस रहेंगी जारी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने SMVT बेंगलुरु-बीदर और बेंगलुरु कैंटोनमेंट-कलबुर्गी स्पेशल ट्रेनों की सेवा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए इन ट्रेनों का संचालन निर्धारित तिथियों तक जारी रहेगा।

### बेंगलुरु कैंटोनमेंट-कलबुर्गी वीकली स्पेशल (8 ट्रिप)

ट्रेन संख्या 06207 बेंगलुरु कैंटोनमेंट-कलबुर्गी स्पेशल, जिसे 28 फरवरी 2026 तक चलाने की अनुमति थी, अब 28 मार्च 2026 तक प्रत्येक शनिवार को संचालित होगी। इसके तहत 4 ट्रिप चलाए जाएंगे। वहीं, ट्रेन संख्या 06208 कलबुर्गी-बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्पेशल, जिसे 1 मार्च 2026 तक चलाने की अधिसूचना थी, अब 29 मार्च 2026 तक प्रत्येक रविवार को चलेगी। इसके अंतर्गत भी 4 ट्रिप संचालित होंगे। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त विशेष ट्रेनों के कोच संरचना (कंपोज़िशन) और स्टॉपेज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पूर्व समय-सारणी की जानकारी प्राप्त कर ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### SMVT बेंगलुरु-बीदर बाई-वीकली स्पेशल (18 ट्रिप)

ट्रेन संख्या 06539 SMVT बेंगलुरु-बीदर बाई-वीकली स्पेशल, जिसे पहले 27 फरवरी 2026 तक चलाने की अधिसूचना जारी की गई थी, अब 29 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। कुल 9 अतिरिक्त ट्रिप संचालित किए जाएंगे। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 06540 बीदर-SMVT बेंगलुरु बाई-वीकली स्पेशल, जिसे 28 फरवरी 2026 तक चलना था, अब 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक शनिवार और सोमवार को चलेगी। इसके भी 9 ट्रिप निर्धारित किए गए हैं।

# सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या का भव्य आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । दिवा**



दिवा पूर्व स्थित मुंब्रादेवी कॉलोनी के लक्ष्मण चौथे सोसाइटी परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधानपूर्वक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा से हुई, इसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने पूरे परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। शाम के समय विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई और कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पधारे अतिथियों का शाल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिंदू स्वयंसेवक संघ, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता बिपिन दुबे उपस्थित रहे। साथ ही रामकुमार मधुकर, सौरभ मिश्रा, संजीव त्रिपाठी, प्रिंस सिंह, अरविंद दुबे, अभिषेक वाल्मीकि एवं कुलदीप वाल्मीकि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा विधिवत सत्कार किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रमोद पांडेय ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना और आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन को सफल बनाने में सूर्यकांत जंगम, प्रदीप चौरसिया, रमेश शेट्टी, अशोक माने, अविनाश विधाते, मारुति निकम, रितिक सिंह सहित सभी सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

# मौत को मात देने वाली सतर्कता को सम्मान

## पश्चिम रेलवे के 12 कर्मचारियों को महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने जनवरी 2026 के लिए 12 कर्मचारियों को महाप्रबंधक का "मैन ऑफ द मंथ" संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में आयोजित समारोह में दिया गया। सम्मानित कर्मचारियों में मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट, भावनगर एवं रतलाम मंडलों के रेलकर्मी शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ट सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में विशेष योगदान के लिए चुना गया।



### मंडलवार कर्मचारियों का चयन

सम्मानित कर्मचारियों में भावनगर मंडल से तीन, मुंबई सेंट्रल, अहमदाबाद, वडोदरा एवं रतलाम मंडलों से दो-दो तथा राजकोट मंडल से एक कर्मचारी शामिल रहे। इन सभी ने संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे और कर्मचारियों की सराहना की गई।

### अन्य मंडलों के कर्मचारियों का योगदान

अहमदाबाद, वडोदरा, रतलाम, राजकोट एवं भावनगर मंडलों के कर्मचारियों को भी उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के लिए सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने रेल फ्रैक्चर, हॉट एक्सल, ओएचई में असामान्यता, ट्रैक दोष और उपकरणों में गड़बड़ी जैसी गंभीर संरक्षा संबंधी कमियों का समय रहते पता लगाया। पश्चिम रेलवे ने सभी सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण से सुरक्षित एवं विश्वसनीय रेल परिचालन की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

### मुंबई सेंट्रल मंडल के कर्मचारियों की सतर्कता

मुंबई सेंट्रल मंडल में कार्यरत वाणिज्य लिपिक सह टिकट परीक्षक नीरज पांडे को गोल्डन टेम्पल मेल में कोच-मैनिंग ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता दिखाने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने ब्रेक बाइंडिंग के कारण एक कोच के पहियों से धुआं और आग निकलते देखा तथा तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अलार्म चेन खींचकर ट्रेन रोकी और अग्निशामक यंत्र से आग बुझाकर बड़ी दुर्घटना टाल दी। इसी मंडल के तकनीशियन संजय वी. समुद्रे को नंदुरबार स्टेशन पर एक वैगन में गंभीर वेल्डिंग दोष और असामान्य विस्तार का पता लगाने पर सम्मानित किया गया, जिससे संभावित दुर्घटना रोकी जा सकी।

# भुसावल मंडल में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष की स्थापना

**डीबीडी संवाददाता । भुसावल**

मध्य रेलवे के भुसावल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टेशनों पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) स्थापित किए हैं। यह पहल दुर्घटनाओं, अचानक बीमारी या अन्य आपात स्थितियों में फंसे यात्रियों तथा रेलवे कर्मचारियों को त्वरित प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रमुख स्टेशनों पर 24 घंटे सुविधा




भुसावल मंडल द्वारा नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, शेगांव और अकोला रेलवे स्टेशनों पर ईएमआर केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के संचालन के लिए अनुबंध प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और सभी इकाइयां वर्तमान में कार्यरत हैं।

### आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित केंद्र

इन आपातकालीन चिकित्सा कक्षों में बुनियादी जीवन रक्षक उपकरण, ऑक्सीजन आपूर्ति, स्ट्रेचर और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। यहां योग्य डॉक्टरों और प्रशिक्षित पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान की जाती हैं। साथ ही पोर्टेबल प्रयोगशाला, मेडिकल स्टोर और एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे आपात स्थिति में तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जा सके।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी।

**वृष** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी।

**मिथुन** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कर्क** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा।

**वृश्चिक** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं।

**धनु** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर** धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कुंभ** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**मीन** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

# दान, सेवा और साधना का आध्यात्मिक विज्ञान




**प्रियंका जैन**
**9769994439**

सामान्य भाषा में अक्सर यह कहा जाता है कि जो ग्रह हमें लाभ दे रहे हैं उन्हें मजबूत करना चाहिए और जो ग्रह हमें कष्ट दे रहे हैं उन्हें कमजोर करना चाहिए। यह बात सुनने में सरल लगती है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ और आध्यात्मिक विज्ञान बहुत गहरा है। दुर्भाग्यवश, समय के साथ इस विषय में अनेक भ्रांतियां फैल गई हैं। बहुत से लोगों ने यह मान लिया है कि यदि किसी ग्रह से संबंधित वस्तु का दान कर दिया जाए, तो वह ग्रह कमजोर हो जाएगा या उसका शुभ प्रभाव समाप्त हो जाएगा। जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। ग्रह कोई भौतिक वस्तु नहीं हैं जिन्हें कमजोर या मजबूत किया जा सके। ग्रह एक ऊर्जा स्रोत हैं, जो ब्रह्मांड से लगातार ऊर्जा का प्रवाह पृथ्वी और हमारे जीवन में करते रहते हैं।

जब कोई ग्रह जन्मकुंडली में कमजोर होता है, तब ज्योतिष में उससे संबंधित रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। इसका कारण यह है कि रत्न एक माध्यम की तरह कार्य करते हैं, जो उस ग्रह की सकारात्मक ऊर्जा को ग्रहण करके धीरे-धीरे हमारे शरीर और आभामंडल तक पहुंचाते हैं। इससे उस ग्रह से संबंधित तत्व हमारे भीतर संतुलित होने लगते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि यदि हम उस ग्रह से संबंधित वस्तु का दान करेंगे तो वह ऊर्जा हमारे शरीर से निकल जाएगी। ऊर्जा का प्रवाह एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है, यह किसी भौतिक वस्तु की तरह नहीं है जिसे दान करने से समाप्त किया जा सके। वास्तव में दान का उद्देश्य ग्रह को कमजोर करना नहीं होता, बल्कि उस ग्रह से संबंधित कर्म दोष को कम करना होता है। ग्रह हमारे जीवन में केवल ऊर्जा का प्रवाह करते हैं, लेकिन उस ऊर्जा का परिणाम हमारे कर्मों के अनुसार मिलता है। यदि हमारे पूर्व जन्म या वर्तमान जीवन में हमने किसी जीव, पशु, पक्षी या मनुष्य को कष्ट पहुंचाया है, तो उसके परिणामस्वरूप हमें ग्रहों के माध्यम से कष्ट का अनुभव होता है। यह कष्ट ग्रह नहीं देते, बल्कि हमारे अपने कर्मों का परिणाम होता है, जिसे ग्रह केवल माध्यम बनकर प्रकट करते हैं।

इसे एक सरल उदाहरण से समझा जा सकता है। मान लीजिए कोई बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति है। यदि आप उसके किसी प्रिय व्यक्ति को कष्ट पहुंचाते हैं, तो वह शक्तिशाली व्यक्ति आपसे नाराज हो जाएगा और आपके प्रति शत्रुता का भाव रखेगा। लेकिन यदि आप अपनी गलती स्वीकार कर लें, क्षमा मांग लें और उस व्यक्ति की सेवा करें जिसे आपने कष्ट पहुंचाया था, तो वह शक्तिशाली व्यक्ति आपके प्रति अपना क्रोध कम कर देगा। उसकी शक्ति कम नहीं होगी, लेकिन वह आपके प्रति अपने दृष्टिकोण को बदल देगा। इसी प्रकार जब हम ग्रह से संबंधित जीवों की सेवा करते हैं, तो ग्रह की ऊर्जा नहीं बदलती, बल्कि हमारे कर्म दोष धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं।

दान का वास्तविक अर्थ त्याग और सेवा है। जब हम किसी जरूरतमंद को भोजन कराते हैं, किसी बीमार पशु की सेवा करते हैं, पक्षियों को दाना खिलाते हैं या किसी दुखी व्यक्ति की सहायता करते हैं, तो हम अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण करते हैं। यह सकारात्मक ऊर्जा हमारे आभामंडल को शुद्ध करती है और हमारे जीवन में संतुलन स्थापित करती है। इससे ग्रहों के दोष धीरे-धीरे कम होने लगते हैं, क्योंकि ग्रह केवल ऊर्जा का प्रवाह करते हैं, वे हमारे कर्मों के अनुसार ही परिणाम देते हैं।

योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर विजिट के पहले ही दिन तीन समझौतों पर सहमति

# UP को मिला ₹6,650 करोड़ का निवेश

- जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी थीम टाउनशिप
- 20000 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना

**एजेंसी । लखनऊ**

योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे की शुरुआत उत्तर प्रदेश के लिए ठोस निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ हुई है। पहले ही दिन यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप ने राज्य में 6,650 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। प्रस्तावित निवेश आवासीय विकास, लॉजिस्टिक्स अवसंरचना और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे उच्च-विकास क्षेत्रों में किया जाएगा। अनुमान है कि इन परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के समक्ष प्रदेश की औद्योगिक नीति, सुगम कनेक्टिविटी नेटवर्क और तीव्र गति से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने डेटा सेंटर परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए समूह को लखनऊ आने का निमंत्रण भी दिया और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक सहयोग और त्वरित अनुमोदन सुनिश्चित करेगी। तीसरी परियोजना के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा।

### 100 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय थीम टाउनशिप

पहली और सबसे बड़ी परियोजना के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के निकट 100 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 12 हजार रोजगार के अवसर उत्पन्न होने का अनुमान है। इसे वर्ष 2027 तक प्रारंभ करने की योजना है।

### कानपुर-लखनऊ हाईवे पर लॉजिस्टिक्स पार्क

दूसरी परियोजना 650 करोड़ रुपये की लागत से कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ में लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास से जुड़ी है। अनुमानित 7,500 रोजगार सृजित करने वाली यह परियोजना भी 2027 में शुरू किए जाने का लक्ष्य रखती है।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर दौरा

- योगी आदित्यनाथ के दौरे के पहले दिन ही 6,650 करोड़ रुपये के निवेश समझौते
- यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ तीन अहम एमओयू पर हस्ताक्षर
- ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर में निवेश प्रस्ताव
- 20,000 से अधिक रोजगार सृजन का अनुमान
- जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास 100 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय थीम टाउनशिप
- 3,500 करोड़ रुपये की टाउनशिप परियोजना, 2027 से शुरू होने की संभावना
- कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 650 करोड़ रुपये का लॉजिस्टिक्स पार्क
- नोएडा/ग्रेटर नोएडा में 2,500 करोड़ रुपये का 40 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर
- मुख्यमंत्री का निवेशकों को नीति स्थिरता और त्वरित क्लीयरेंस का भरोसा
- यूपी को डेटा सेंटर और औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने की रणनीति

# IG एम. सुनील नायक को ट्रांजिट रिमांड से राहत

- पटना सिविल कोर्ट का फैसला, आंध्र प्रदेश पुलिस की अर्जी नामंजूर

**एजेंसी । पटना**

पटना की सिविल अदालत ने सोमवार को बिहार होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा के महानिरीक्षक एम. सुनील कुमार नायक के मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-9 की अदालत ने आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा दाखिल ट्रांजिट रिमांड याचिका को अपर्याप्त दस्तावेज और प्रक्रिया संबंधी कमियों के आधार पर खारिज कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि विधिक मानकों का पालन किए बिना किसी भी अधिकारी को राज्य की सीमा से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आंध्र प्रदेश पुलिस की ओर से प्रस्तुत अभिलेखों और तैयारी पर असंतोष जताया तथा तत्काल ट्रांजिट रिमांड देने से इनकार कर दिया।



### सादी वर्दी में भी आई थी आंध्रा पुलिस

कार्रवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि आंध्र प्रदेश पुलिस के कुछ कर्मी बिना वर्दी के न्यायालय परिसर में उपस्थित थे। इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को बैठा दिया और न्यायिक मर्यादा बनाए रखने की सख्त हिदायत दी।

### 2021 के हिरासत प्रकरण से जुड़ा मामला

आईजी नायक के विरुद्ध वर्ष 2021 में आंध्र प्रदेश के नरसापुरम में पूर्व सांसद से जुड़े एक कथित हिरासत प्रकरण में मामला दर्ज किया गया था। यह केस हत्या के प्रयास से संबंधित प्रावधानों के तहत पंजीकृत है, जो वर्तमान में भारतीय न्याय संहिता के समकक्ष धाराओं से संबद्ध बताया जा रहा है। इसी मामले में आंध्र प्रदेश पुलिस ने पटना में कार्रवाई की।

### आवास पर पहुंची थी टीम, बढ़ी सुरक्षा

सोमवार सुबह आंध्र प्रदेश पुलिस की एक टीम शास्त्री नगर थाना क्षेत्र स्थित आईजी नायक के सरकारी आवास पर पहुंची थी। स्थानीय पुलिस की उपस्थिति में पूछताछ और औपचारिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंच गए और प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई।

# मातम लाई होली की तैयारी, तीन महिलाओं की मौत

- पुताई के लिए मिट्टी निकालते समय धंसा मिट्टी का टीला
- दो की हालत नाजुक, रेस्क्यू के लिए लगानी पड़ी जेसीबी

**एजेंसी । सोनभद्र**

सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किरवानी में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। कच्चे घरों की लिपाई-पुताई के लिए सफेद मिट्टी लेने गईं महिलाओं पर अचानक मिट्टी का टीला ढह गया, जिससे तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गईं। पुलिस के अनुसार, होली पर्व से पहले ग्रामीण इलाकों में घरों की मरम्मत और रंग-रोगन की परंपरा के तहत कुछ महिलाएं गांव के पास स्थित



मिट्टी के टीले से सफेद मिट्टी निकाल रही थीं। इसी दौरान खुदाई के समय टीला असंतुलित होकर भरभराकर गिर पड़ा और पांच महिलाएं मलबे में दब गईं। राहत- बचाव के लिए जेसीबी मशीन मंगाई गई। पुलिस और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से सभी महिलाओं को मलबे से बाहर निकालकर म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सदीकुन्निशा (30), अनिशा खातून (20) और सीता (28) को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य महिलाओं का इलाज जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि रेस्क्यू अभियान पूर्ण कर लिया गया है और अब किसी अन्य व्यक्ति के दबे होने की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वन विभाग के सहयोग से आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। त्योहार से पहले हुए इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं।

# बिहार: विधायक निधि बढ़ाने पर अड़े विधायक

- बजट सत्र के दौरान सभी विधायकों ने खोला मोर्चा
- शराब, धार्मिक स्थल और GI टैग पर तीखी बहस

**एजेंसी । पटना**

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को सदन का माहौल उस समय गरमा गया जब विधायकों ने क्षेत्रीय विकास के लिए मिलने वाली विधायक निधि बढ़ाने की मांग पर एकजुट होकर सरकार से जवाब तलब किया। दिलचस्प यह रहा कि इस मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक साथ खड़े दिखे। सत्र के दौरान बढ़ते अपराध को लेकर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा। राजद सदस्यों ने हालिया पटना डबल मर्डर का उल्लेख करते हुए सरकार से जवाब मांगा।



### जहरीली शराब पर ठोस जवाब की मांग

वहीं, राजद विधायक रणविजय साहू ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा उठाया। उनका दावा था कि वर्ष 2016 से अब तक 300 से अधिक लोगों की जान गई है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर विस्तृत चर्चा और जवाब की मांग की।

### मठ-मंदिरों की घेराबंदी पर तीखी बहस

धार्मिक न्यास परिषद में निबंधित न होने वाले मठ-मंदिरों की घेराबंदी और चारदीवारी निर्माण का विषय भी सदन में उठा। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मांग की कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से ऐसे निर्माण कार्यों को अनुमति दी जाए। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि बिना धार्मिक न्यास बोर्ड में पंजीकरण के सरकारी स्तर पर घेराबंदी संभव नहीं है।

### भाजपा विधायक ने की निधि बढ़ाने की मांग

प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक प्रमोद कुमार ने विधायक निधि की राशि बढ़ाने का मुद्दा उठाया। वर्तमान में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत प्रत्येक विधायक को प्रतिवर्ष चार करोड़ रुपये की अनुशंसा राशि मिलती है। मंत्री विजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि फिलहाल निधि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### सांसद निधि बढ़ने पर यहां होगा विचार

भाजपा के नीरज बबलू ने भी निधि वृद्धि का समर्थन किया। मंत्री के यह कहने पर कि यदि सांसद निधि बढ़ेगी तो यहां भी विचार किया जाएगा, सदन में शोर-शराबा बढ़ गया। स्थिति को संभालते हुए उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने आश्वासन दिया कि सदस्यों की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और इस विषय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से चर्चा होगी। उद्योग से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दोहराया कि राज्य में कोई भी एथेनॉल प्लांट बंद नहीं होगा। बाढ़ के विधायक सियाराम सिंह ने 'खोबी लाई' को जीआई टैग दिलाने की मांग उठाई।

# दरभंगा जा रही बस पलटी, पांच की मौत

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बेकाबू हुई बस
- लुधियाना से आ रही थी बस, मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में सोमवार शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में डबल डेकर बस पलटने से कई यात्रियों की जान चली गई, जबकि एक दर्जन के आसपास लोग घायल हो गए। बस पंजाब के लुधियाना से बिहार के दरभंगा की ओर जा रही थी। हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर खेमा खेड़ा गांव के निकट हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण सहायता के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही लखनऊ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। बस में फंसे यात्रियों को निकालकर तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## व्यापार जगत


# GSDP 6.31 लाख करोड़ के करीब

- बजट सत्र में छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास का खाका पेश
- पिछले वर्ष के मुकाबले 11.57 फीसद अधिक है जीएसडीपी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्य की अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और आगामी संभावनाओं का विस्तृत ब्यौरा सदन में रखा गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करते हुए बताया कि राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) चालू मूल्यों पर 6.31 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.57 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थिर मूल्यों पर राज्य की आर्थिक वृद्धि दर 8.11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने 10.50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की थी, जिसे राज्य की विकास गति का संकेतक बताया गया।

### तीनों प्रमुख क्षेत्रों में विस्तार

आर्थिक सर्वेक्षण में क्षेत्रवार प्रगति का भी उल्लेख किया गया है। कृषि क्षेत्र में 12.53 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है, जो ग्रामीण आय और उत्पादन क्षमता में सुधार का संकेत देता है। उद्योग क्षेत्र के 10.26 प्रतिशत की दर से विस्तार की संभावना जताई गई है, जबकि सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक 13.15 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि सेवा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की रणनीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।




### प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025-26 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 10.07 प्रतिशत अधिक है। सरकार का कहना है कि यह वृद्धि राज्य की समग्र आर्थिक मजबूती और आय स्तर में सुधार को दर्शाती है। सर्वेक्षण में यह भी संकेत दिया गया है कि कृषि, उद्योग और सेवा—तीनों क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की विकास दर राष्ट्रीय औसत से अधिक रहने की संभावना है। बजट सत्र के आगामी चरणों में इन आंकड़ों के आधार पर वित्तीय प्राथमिकताओं और व्यय प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है।

# IDFC धोखाधड़ी प्रकरण पर RBI की नजर

- गवर्नर ने कहा- प्रणालीगत संकट के संकेत नहीं



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर संजय मलहोत्रा ने 590 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बैंक घटनाक्रम पर निगरानी बनाए हुए है, लेकिन फिलहाल इसे बैंकिंग तंत्र की व्यापक विफलता के रूप में नहीं देखा जा रहा। सोमवार को राजधानी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान गवर्नर ने कहा कि नियामकीय नीति के तहत आरबीआई किसी विशिष्ट बैंक या विनियमित इकाई पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करता। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि संबंधित घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी जा रही है। यह मामला आईडीएफसी बैंक से जुड़ा है, जहां कथित तौर पर 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है।

# PIL: आवंटित राशि के सीमित उपयोग पर सवाल

- ऑटो पीएलआई पर ईवी स्टार्टअप्स की आपत्ति, उत्पादन प्रभावित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र से जुड़ी डीप-टेक कंपनियों ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना के क्रियान्वयन को लेकर चिंता जताई है। उद्योग प्रतिनिधियों का कहना है कि बजट में पर्याप्त प्रावधान के बावजूद वास्तविक स्तर पर फंड का उपयोग बेहद कम हो पा रहा है, जिससे अपेक्षित उत्पादन वृद्धि नहीं हो रही। यूलर मोटर्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव कुमार के अनुसार, वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन उच्च प्रतिफल देने वाला खंड है, फिर भी इस श्रेणी को पीएलआई के अंतर्गत अपेक्षित प्रोत्साहन नहीं मिल रहा।




### 5939 करोड़ रुपये का प्रावधान

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पीएलआई योजना के अंतर्गत 5,939 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हालांकि स्टार्टअप कंपनियों का दावा है कि पिछले वित्त वर्ष में घोषित राशि का लगभग 10 प्रतिशत ही वितरित हो सका। विशेष रूप से एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (ACC) बैटरी खंड में लक्ष्य का केवल 2.8 प्रतिशत प्रोत्साहन ही जारी हो पाया। प्रारंभिक आकलनों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के अंत तक भी कुल आवंटन का लगभग 12 प्रतिशत ही उपयोग संभव दिख रहा है।


### समय से मिलनी चाहिए धनराशि

स्टार्टअप कंपनियों का तर्क है कि केवल बजटीय आवंटन बढ़ाने से उद्योग को गति नहीं मिलेगी, जब तक कि धनराशि समयबद्ध और व्यापक रूप से वितरित न हो। उनका कहना है कि वर्तमान ढांचा अपेक्षाकृत बड़े और स्थापित विनिर्माताओं को अधिक लाभ पहुंचा रहा है, जबकि उभरती डीप-टेक कंपनियों को पर्याप्त समर्थन नहीं मिल रहा।

# वायदा कारोबार में चांदी चमकी

- एमसीएक्स पर 5.82% चढ़ा भाव, वैश्विक बाजारों से मिला भरपूर समर्थन

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर कीमतों में हल्की नरमी के बावजूद वायदा कारोबार में चांदी ने सोमवार को तेज उछाल दर्ज किया। कमोडिटी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म Multi Commodity Exchange (एमसीएक्स) पर सुबह करीब 11:30 बजे चांदी का भाव 5.82 प्रतिशत बढ़कर 2,67,673 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वहीं, Indian Bullion Jewellers Association (आईबीजेए) ने .999 शुद्धता वाली चांदी का मानक मूल्य 2,50,314 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। यह स्तर पिछले कारोबारी सत्र की तुलना में 2.26 प्रतिशत अधिक है, जो दर्शाता है कि भौतिक बाजार में भी कीमतों का आधार मजबूत बना हुआ है।



बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के मजबूत नॉन-फार्म पेरोल आंकड़ों और स्थिर आर्थिक वृद्धि ने निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं को कम कर दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय रुझान सकारात्मक

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रुझान सकारात्मक रहा। अमेरिकी कमोडिटी एक्सचेंज COMEX पर स्पॉट सिल्वर लगभग 86.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया, जहां करीब 5.65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# क्लीन मैक्स एनवायरोः 3,100 करोड़ रुपये का IPO खुला

### 25 फरवरी तक निवेश का मौका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कमर्शियल और इंडस्ट्रियल रिन्यूएबल एनर्जी समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी Clean Max Enviro Energy Solutions Limited ने अपना 3,100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) निवेशकों के लिए खोल दिया है। इश्यू में 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। शेयर आवंटन 26 फरवरी को प्रस्तावित है, जबकि 27 फरवरी को सफल निवेशकों के डीमैट खातों में शेयर क्रेडिट किए जाएंगे।

### प्राइस बैंड और निवेश विवरण

आईपीओ का प्राइस बैंड 1,000 से 1,053 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। न्यूनतम आवेदन 14 शेयरों के एक लॉट के लिए है, जिसके लिए खुदरा निवेशकों को अधिकतम मूल्य पर 14,742 रुपये लगाने होंगे। रिटेल श्रेणी में अधिकतम 13 लॉट (182 शेयर) के लिए आवेदन किया जा सकता है, जिसके लिए 1,91,646 रुपये तक का निवेश आवश्यक होगा। कुल 2.94 करोड़ से अधिक शेयर जारी किए जा रहे हैं, जिनमें 1,200 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1,900 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल (OFS) के तहत शामिल हैं। इश्यू में 49.47 प्रतिशत हिस्सा क्यूआईबी, 34.63 प्रतिशत रिटेल निवेशकों, 14.84 प्रतिशत एनआईआई और 1.07 प्रतिशत कर्मचारियों के लिए आरक्षित है।




### Max Enviro का वित्तीय प्रदर्शन

कंपनी के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, पिछले तीन वित्त वर्षों में इसकी आय में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। 2022-23 में 960.98 करोड़ रुपये का राजस्व 2023-24 में बढ़कर 1,425.31 करोड़ और 2024-25 में 1,610.34 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

# खरीदारी की वापसी से शेयर बाजार में बहार

- सेंसेक्स और निफ्टी ने पकड़ी रफ्तार
- 1.96 लाख करोड़ रुपये बढ़ी संपत्ति

**नई दिल्ली।** सप्ताह की शुरुआत घरेलू इक्विटी बाजार के लिए सकारात्मक रही। शुरुआती सत्र से ही मजबूत लिवाली देखने को मिली, जिसके बल पर प्रमुख सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि दिन के मध्य में मुनाफावसूली के कारण उतार-चढ़ाव भी रहा, लेकिन अंतिम घंटों में फिर से खरीदारी लौटने से बाजार हरे निशान में टिके रहे। बीएसई का सेंसेक्स 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,713 अंक पर स्थिर हुआ।

# कर्नाटक को नौवें खिताब से रोकने उतरेगी जम्मू कश्मीर

- आज से शुरू हो रहे फाइनल में आठ बार की चैंपियन मेजबान टीम का पलड़ा भारी
- पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची कश्मीर की टीम कड़ी टक्कर देने को तैयार



**रणजी ट्रॉफी**

एजेंसी । हुबली

दिग्गजों के छक्के छुड़ाकर पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम मंगलवार से शुरू हो खिताबी मुकाबले में आठ बार की चैंपियन कर्नाटक का सामना करेगी। लेकिन ट्रॉफी उठाने के लिए उसे मेजबान के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा।

### नबी लगाएंगे लगाम

इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुआई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिए हैं और यहां पर भी पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि कश्मीर के फिरकी गेंदबाज सुनील कुमार भी 29 विकेट सत्र में ले चुके हैं। लेकिन इतना ही काफी नहीं होगा, उन्हें दूसरे गेंदबाजों का साथ भी चाहिए होहा।

### टीमें

**कर्नाटक** : देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, करूण नायर, केवी अनीश, आर स्मरण, श्रेयस गोपाल, कृतिक कृष्णा, विशाख विजयकुमार, विद्याधर पाटिल, विद्वत कावेरप्पा, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहसिन खान, शिखर शेट्टी, केएल श्रीजित

**जम्मू कश्मीर** : पारस डोगरा (कप्तान), अब्दुल समद, शुभम खजूरिया, कामरान इकबाल, आबिद मुश्ताक, विवांत शर्मा, रोहित शर्मा, उमरान मलिक, युधवीर सिंह, आकिब नबी, सुनील कुमार, लोन नासिर, मुज्तबा युसूफ, मुसाइफ एजाज, साहिल लोटरा, वंशज शर्मा, उमर नजीर मीर, कन्हैया वधावन, यावेर हसन।

### नंबर गेम

**950** रन सर्वाधिक इस सत्र में कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण ने बनाए हैं

**13** पारियों में 55 विकेट 16 पारियों में लेकर दूसरे स्थान पर हैं जम्मू कश्मीर के गेंदबाज आकिब नबी

### बेहतरीन प्रदर्शन किया

कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय-समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग-अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुआई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिए विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं।

### अनुभव भी आधार

अपने खिलाड़ियों के हुनर के अलावा कर्नाटक बड़े मैचों के उनके अनुभव के आधार पर भी प्रबल दावेदार लग रहा है। राहुल, करूण, श्रेयस और मयंक उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2013-14 और 2014-15 में लगातार दो बार खिताब जीते। ये युवा खिलाड़ियों को दबाव का सामना करने के लिए मशविरा दे सकते हैं। बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे दिग्गजों को हराने वाली जम्मू-कश्मीर टीम के पास पारस डोगरा जैसा अनुभवी कप्तान है। मुख्य कोच अजय शर्मा और 41 वर्ष के डोगरा को खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का गुरूमंत्र देना होगा।

# एक बल्लेबाज बदल सकती है टीम इंडिया

- मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रयान टेन डोएशे और सितांशु कोटक ने दिए संकेत

एजेंसी । अहमदाबाद




**अहमदाबाद।** भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर विचार कर रहा है और संभव है कि तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर किया जाए। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रयान टेन डोएशे और सितांशु कोटक ने संकेत दिए कि टीम शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की रणनीति की समीक्षा करेगी। दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया था, जिसके बाद टीम प्रबंधन अब अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा (पांच मैचों में 107 रन) के प्रदर्शन पर विचार कर रहा है।

रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका निभाने में असफल रहे हैं और 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से केवल 24 रन बनाए हैं। बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि बदलाव जरूरी है तो उन्हें लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब टीम ऐसे मुकाम पर है जहां यह सोचना होगा कि पुराने संयोजन को जारी रखा जाए या कुछ अलग किया जाए।

### बैकअप बल्लेबाजों की कमी

रयान टेन डोएशे ने टीम में बैकअप विशेषज्ञ बल्लेबाजों की कमी को चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि टीम या तो उन्हीं खिलाड़ियों को चुने जो पिछले डेढ़ साल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, भले ही अभी रन नहीं बना रहे हों, या फिर संजू सैमसन को शामिल किया जाए जो शानदार खिलाड़ी हैं और शीर्षक्रम में दाहिने हाथ के बल्लेबाज के तौर पर मदद कर सकते हैं।

टीम प्रबंधन ने अगले दो अहम मैचों से पहले संजू सैमसन को शामिल करने पर अगले कुछ दिन में चर्चा करने का निर्णय लिया है। इससे टीम के शीर्षक्रम और बैकअप विकल्पों में मजबूती आएगी।

### फॉर्म पर कोच की प्रतिक्रिया

कोटक ने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के खराब फॉर्म पर कहा कि उन्हें बहाने बनाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि अभिषेक के पेट के संक्रमण ने उनकी तैयारियों और प्रदर्शन पर असर डाला है। कोच का मानना है कि जरूरत से ज्यादा सलाह देने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास प्रभावित हो सकता है।

कोटक ने कहा कि अभिषेक को अब अपनी पारी पर ध्यान देना चाहिए और गेंद को देखकर खेलना चाहिए। टीम प्रबंधन का लक्ष्य है कि खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्थिर रखा जाए ताकि वे आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

### नेट रन रेट का गणित

76 रनों की हार का मतलब है कि भारत का रन रेट पाताल में चला गया है। इसे 'जीरो' पर लाने के लिए भी भारत को अगले दो मैचों में मिलाकर कम से कम 76 रनों के कुल अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। यानी भारत के लिए अब हर मैच 'करो या मरो' जैसा है।

# महिला टीम की नजरें अब वनडे सीरीज पर




**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया से टी-20 सीरीज जीतने के बाद मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय महिला टीम की नजर तीन मैचों की वनडे सीरीज कब्जाने पर है। इसका पहला मैच मंगलवार को यहां खेला जाएगा। दूसरा मैच 27 फरवरी और तीसरा एक मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।

मेजबान के लिए यह सीरीज इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं। भारत के खिलाफ 6 मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके करियर का आखिरी मैच होगा। टी-20 सीरीज से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है।

## गोल्फ लीग के लिए फ्रेंचाइजी साझेदार देंगे 10 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने सोमवार को देश भर के 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 10 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की। इसमें प्रत्येक निवेशक ने 10 साल की अवधि में लगभग एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया। यह खेल को पेशेवर बनाने और इसके विस्तार के लिए लंबे समय तक चलने वाले प्रयास का संकेत है। आईजीपीएल ने पिछले साल पहला पेशेवर टूर आयोजित किया था जिसमें 11 प्रतियोगिताएं हुई थीं। आईजीपीएल ने सोमवार को आगामी सत्र के लिए फ्रेंचाइजी स्वामित्व की जानकारी की पुष्टि की। फ्रेंचाइजी अधिकार हैदराबाद (फिनिक्स), मुंबई (अत्री), कोलकाता (फ्लाइंगमैन अकादमी), दिल्ली (आरवीआर इंफ्रा), चेन्नई (विमत्रा वेंचर्स), विशाखापत्तनम (ग्रीन फ्यूल्स), गोवा (ऑरो रियल्टी), बेंगलुरु (गोल्फकनेक्ट), पंजाब (कृष्णा ऑटो) और गुरुग्राम (होनर होम्स कंसोर्टियम) को दिए गए हैं।

# इंग्लैंड-पाक मुकाबले में फिरकी पर रहेगा फोकस

- 31 टी-20 मैच दोनों टीमें अब तक आपस में खेल चुकी हैं
- 21 इंग्लैंड ने जीते, नौ हारे और एक मुकाबला बेनतीजा रहा




**पल्लेकेले।** सुपर आठ में अपने पहले मैच में श्रीलंका को हरा चुकी इंग्लैंड की टीम मंगलवार को पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मुकाबले में दोनों टीमों का फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा। इंग्लैंड की टीम अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है फिर भी दो बार की चैंपियन टीम जीत की राह पर लौट गई है।


### पाक पर दबाव

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया। इससे उस पर दबाव बढ़ गया है और अब उसे नॉकआउट की अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए दोनों मैच जीतने होंगे। उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं।

### बेहतर हुआ रनरेट

श्रीलंका को 51 रन से हराने से इंग्लैंड का नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे। लेग स्पिनर आदिल रशीद और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी ऑफ स्पिन के अलावा उपयोगी पारियां भी खेली है और इंग्लैंड को संकट से निकाला। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। पर जोस बटलर की फॉर्म ने चिंता बढ़ाई हुई है।

## बॉ ली वु ड




# सामंथा ने आलिया पर बरसाया प्यार



79 वें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) में अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पहली बार प्रजेंटर के रूप में मंच संभाला। इस मौके का सबसे खास पल तब आया, जब उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत हिंदी में की। उनके इस अंदाज ने न सिर्फ दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी हलचल मचा दी। अलिया के इस कदम की तारीफ साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने भी की। सामंथा ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए आलिया को टैग किया और उनके भाषण पर सफेद दिल वाला इमोजी शेयर किया। इस तरह उन्होंने सार्वजनिक तौर पर आलिया के प्रति अपना प्यार जताया। सामंथा और आलिया की दोस्ती नई नहीं है। फिल्म 'जिगरा' (2024) की रिलीज के समय आलिया को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, उस दौरान भी सामंथा ने उनके समर्थन में कदम रखा था।

# 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान और मशहूर गायक अरिजीत सिंह की हालिया मुलाकात ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली थीं, और अब इस जोड़ी ने अपने नए गाने के साथ दर्शकों का इंतजार भी खत्म कर दिया है। आमिर खान प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक जारी कर दिया गया है, जिसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।

गाने में अरिजीत सिंह की दिलकश आवाज एक बार फिर श्रोताओं को भावुक कर रही है। खास बात यह है कि इस गीत में आमिर खान और अरिजीत सिंह की मुलाकात के खूबसूरत पलों को भी दर्शाया गया है, जो इसे और खास बनाता है। फिल्म 'एक दिन' में जुनैद खान और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गाने का संगीत राम संपत ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। निर्माताओं ने गाना जारी करते हुए लिखा, ₹एक दिन आमिर आपके साथ बैठकर गाना गा रहे हैं। आमिर खान x अरिजीत सिंह = प्योर मैजिक।₹ इस खास सहयोग ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। अरिजीत सिंह के संभावित संन्यास की खबरों के बीच आया यह गाना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है, और अब सभी की नजरें फिल्म की रिलीज पर टिकी हैं।

# विजय-रश्मिका ने किया अपनी शादी का ऐलान




लंबे समय से चल रही अटकलों और प्रशंसकों के इंतजार पर आखिरकार विराम लग गया है। साउथ भारतीय सिनेमा के चर्चित सितारे विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने आधिकारिक तौर पर अपनी शादी की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक भावुक नोट के जरिए दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक करते हुए फैंस को बड़ी खुशखबरी दी।

इस जोड़ी ने अपनी शादी को एक खास नाम भी दिया है, 'द वेडिंग ऑफ विरोश'। दरअसल, 'विरोश' नाम उनके प्रशंसकों द्वारा विजय और रश्मिका के नामों को जोड़कर बनाया गया है। खास बात यह है कि इस नाम को अपनाकर दोनों सितारों ने अपने फैंस को एक अनोखा तोहफा दिया है और इस खास मौके को पूरी तरह उन्हें समर्पित किया है।

अपने शेयर संदेश में विजय और रश्मिका ने लिखा, ₹हमारे सबसे प्रिय अपनों, इससे पहले कि हम कुछ तय करते, आप हमेशा हमारे साथ थे। आपने हमें इतना प्यार दिया और एक नाम दिया, 'विरोश'। इसलिए आज हम अपने इस मिलन को आपके सम्मान में 'विरोश की शादी' नाम दे रहे हैं। इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद, आप हमेशा हमारा हिस्सा रहेंगे। ढेर सारा प्यार और झप्पियां।₹

सूत्रों के मुताबिक, यह जोड़ी 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधेगी। बीते कई वर्षों से दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। हालांकि, अब तक दोनों एक-दूसरे को सिर्फ अच्छा दोस्त बताते रहे, लेकिन अब इस आधिकारिक घोषणा के साथ सभी अटकलों पर विराम लग गया है। फिल्मी दुनिया में 'विरोश' के नाम से लोकप्रिय यह जोड़ी अब अपने रिश्ते को एक नए मुकाम पर ले जाने के लिए तैयार है, जिससे उनके प्रशंसकों में उत्साह का माहौल है।

# मोदी सरकार की नई कूटनीति



▸▸ दुनिया से संवाद बढ़ाएगी भारतीय संसद

▸▸ लोक सभा अध्यक्ष ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का किया गठन

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें।

### ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 'मिशन संवाद'

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय शिष्टमंडल भेजे थे। अलग-अलग दलों और विचारधाराओं के नेताओं को एक साथ लाकर यह संदेश दिया गया कि देश की सुरक्षा और हितों के मामले में भारत एकजुट है। इस पहल से संवाद, समावेश और सामूहिक जिम्मेदारी में विश्वास को दर्शाया गया, जो भारत के लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। लोक सभा अध्यक्ष द्वारा 60 से अधिक देशों के साथ मैत्री समूह गठित करने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### इन देशों से बढ़ेगी नजदीकियां

जिन देशों के साथ ये मैत्री समूह बनाए गए हैं, उनमें श्रीलंका, जर्मनी, न्यूज़ीलैंड, स्विट्ज़रलैंड, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, सऊदी अरब, इज़राइल, मालदीव, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर, ब्राज़ील, वियतनाम, मेक्सिको, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। पहले चरण में जहाँ 60 से देशों के साथ मैत्री समूहों का गठन किया गया है, वहां निकट भविष्य में कई अन्य देशों के साथ इन समूहों के गठन के प्रयास किये जा रहे हैं।

### पक्ष-विपक्ष की 'जुगलबंदी'

जिन प्रमुख सांसदों को इन समूहों में शामिल किया गया है उनमें रवि शंकर प्रसाद, एम थंबीदुरई, पी चिदंबरम, प्रो राम गोपाल यादव, टी आर बालू, काकोली घोष दस्तीदार, गौरव गोगोई, कनिमोझी करुणानिधि, मनीष तिवारी, डेरेक ओ'ब्रायन, अभिषेक बनर्जी, असादुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, के सी वेणुगोपाल, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, संजय सिंह, बैजयंत पांडा, डॉ शशि थरूर, निशिकांत दुबे, अनुराग सिंह ठाकुर, भर्तृहरि महताब, डी पुरंदेश्वरी, संजय कुमार झा, हेमा मालिनी, सस्मित पात्रा, अपराजिता सारंगी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, पी वी मिधुन रेड्डी और प्रफुल्ल पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।

# धूल और धुएं पर 'नकेल' की तैयारी

▸▸ सुको ने कोयला आधारित कारखानों को शिफ्ट करने और 300 किमी के दायरे में नया प्लांट खोलने पर केंद्र से जवाब मांगा



एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-NCR में बढ़ते प्रदूषण पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या कोयले से चलने वाले उद्योगों को NCR से बाहर शिफ्ट किया जा सकता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने दिल्ली से 300 किलोमीटर के अंदर नए कोयला आधारित पावर प्लांट खोलने पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर सरकार से जवाब भी मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्माण और तोड़-फोड़ (डिमोलिशन) के काम से उड़ने वाली धूल को कैसे रोका जाए, इस पर भी सभी पक्ष अपनी राय दें। इसके लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने कुछ उपाय सुझाए हैं। बेंच ने सभी पक्षों को 12 मार्च से पहले अपनी-अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़कों पर उड़ती धूल और पुरानी गाड़ियों को भी आड़े हाथों लिया

कोर्ट ने कहा कि इन नोटिसों को ही आधिकारिक सूचना माना जाएगा। राज्यों को मिले सुझावों के आधार पर आगे का एक्शन प्लान भी कोर्ट में जमा करना होगा। कोर्ट ने पर्यावरण, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा मंत्रालय से कहा कि वे मिलकर एक ऐसा प्रस्ताव तैयार करें, जिसमें NCR के कोयला आधारित उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करने की योजना हो। इस योजना में यह भी बताया जाए कि कौन-कौन से उद्योग प्रभावित होंगे, उन्हें कौन सा वैकल्पिक ईंधन दिया जा सकता है, और यह बदलाव किस तरह से और कितने समय में होगा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह CAQM की लंबे समय वाली सिफारिशों को लागू करने के लिए अपनी डिटेल योजना पेश करे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ओडिशा में घोषित 77 बांग्लादेशियों में 73 निर्वासित किए : माझी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य के विभिन्न जिलों में अवैध रूप से रह रहे 77 बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान की है। इनमें से 73 को वापस उनके देश भेज दिया गया है। यह जानकारी मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को विधानसभा में दी। भाजपा विधायक पद्म लोचन पांडा के प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद शुरू की गई। गृह मंत्रालय ने दो मई 2025 को राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान तेज करने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री के अनुसार अब तक 2,261 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की जांच की गई। इनमें से 2,184 लोग भारतीय नागरिक पाए गए और उन्हें छोड़ दिया गया। शेष 77 लोगों को अवैध बांग्लादेशी प्रवासी के रूप में चिन्हित किया गया है। इनमें से 73 को निर्वासित कर दिया गया है।

### दिल्ली विधानसभा-सचिवालय को बम ब्लास्ट की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था।

### छह मजदूरों पर विदेश मंत्रालय से एनएचआरसी ने रिपोर्ट मांगी

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने थाईलैंड में कथित रूप से बंधक बनाए गए ओडिशा के छह मजदूरों के मामले में विदेश मंत्रालय से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। आयोग ने मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रापाड़ा और भद्रक जिलों के छह मजदूरों को बैंकॉक के पास एक इलाके में उनके नियोक्ता द्वारा पिछले छह महीनों से प्रताड़ित किया जा रहा था। यह मामला 17 फरवरी को तब सामने आया, जब पीड़ितों ने अपनी स्थिति बताते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। आरोप है कि उन्हें एक फैक्ट्री के अंदर बंद रखा गया था और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

# एचएएल ने क्रैश की खबर को खारिज किया

एजेंसी । नई दिल्ली

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने सोमवार को इंडियन एयर फोर्स (आईएएफ) के फाइटर जेट तेजस के क्रैश की खबरों को गलत बताया। एचएएल ने स्पष्ट किया कि विमान में केवल ग्राउंड पर मामूली तकनीकी गड़बड़ी हुई थी और हवा में ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ। कंपनी ने यह भी कहा कि तेजस का सेफ्टी रिकॉर्ड दुनिया के आधुनिक फाइटर जेट्स में सबसे बेहतर में से एक है।



### तकनीकी गड़बड़ी की जांच जारी

एचएएल ने बताया कि वह एयरफोर्स के साथ मिलकर तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रही है और उसे जल्द ठीक करेगी। सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि 7 फरवरी को लैंडिंग के दौरान तेजस का ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण विमान रनवे से आगे निकल गया। हादसे से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया, लेकिन विमान को नुकसान हुआ।

### जांच होने तक सभी 30 तेजस की उड़ान पर रोक

सूत्रों ने दावा किया कि घटना के बाद एयरफोर्स नेतेजस जेट के पूरे बेड़े को टेक्निकल जांच के लिए ग्राउंड कर दिया। यानी जांच पूरी होने तक विमान उड़ान नहीं भरेंगे। हादसे पर आईएएफ की तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। दावे के मुताबिक, तेजस जेट से जुड़ा यह तीसरा हादसा है। पहला हादसा मार्च 2024 में हुआ था, जब जैसलमेर के पास एक तेजस जेट क्रैश हो गया था।

## वांगचुक हिरासत संबंधी सुनवाई 26 तक टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की याचिका पर सुनवाई 26 फरवरी तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अनुपलब्धता की वजह से टाली। इससे पहले, अदालत ने केंद्र से सवाल किया था कि क्या सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनकी हिरासत पर सरकार द्वारा पुनर्विचार करने की कोई संभावना है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने दलील दी थी कि वांगचुक पिछले साल 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 161 लोग घायल हुए थे।

## राज्य चुनाव आयोगों से 27 साल बाद साझा की जाएगी तकनीक




एजेंसी । नई दिल्ली

चुनाव आयोग 27 साल बाद राज्य चुनाव आयोगों के साथ तकनीकों को साझा करने पर चर्चा करेगा। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राज्य चुनाव आयुक्त कानूनी और तकनीकी जानकारों के साथ मंगलवार को 'गोलमेज सम्मेलन' में शामिल होंगे। चुनाव आयोग की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। बताया गया कि नगर निगम और पंचायत चुनावों का जिम्मा संभालने वाले राज्य चुनाव आयोगों के साथ इस तरह का सम्मेलन 1999 के बाद अब हो रहा है।

### ईवीएम और चुनावी प्रक्रिया पर राष्ट्रीय सम्मेलन

सम्मेलन में तकनीक, ईवीएम और मतदाता सूचियां साझा करने के साथ चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर चर्चा होगी। बताया कि राज्य चुनाव आयोग विधानसभा चुनावों के लिए मतदाता सूची लेते हैं और निकाय चुनाव में अपनी जरूरत के हिसाब से इनका प्रयोग करते हैं। ईवीएम की आयु 15 वर्ष होती है। मियाद के अंतिम चरण में ये मशीने स्थानीय चुनावों में प्रयोग के लिए राज्य आयोगों को निःशुल्क दी जाती हैं।

चुनाव आयोग का 'सुपर क्लीनिंग' अभियान

# चुनाव आयोग ने जारी की तमिलनाडु की अंतिम मतदाता सूची

एजेंसी । नई दिल्ली

### एसआईआर में काटे गए 97 लाख से ज्यादा नाम




चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (SIR) के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी की, जिसके मुताबिक विभिन्न श्रेणियों के तहत 97.37 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कि राज्य में अब 5.67 करोड़ (5,67,07,380) मतदाता बचे हैं। इसमें 2,77,38,925 पुरुष, 2,89,60,838 महिलाएं और 7,617 तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हटाए गए नामों में एक महत्वपूर्ण हिस्सा मृत मतदाताओं का है। पटनायक ने चेन्नई में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने से पहले राज्य में मतदाताओं की संख्या 6.41 करोड़ थी। उन्होंने बताया कि नयी सूची में 18-19 आयु वर्ग के 7.40 लाख नए मतदाताओं को जोड़ा गया है जबकि विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 97.37 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। पटनायक ने कहा कि निरंतर अद्यतन करने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार लिस्ट जारी

संशोधन प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के 30 जनवरी के उस निर्देश का भी पालन किया गया, जो उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार जारी किया गया था। इस निर्देश में यह अनिवार्य किया गया था कि 'तार्किक विसंगतियों' की श्रेणी में हटाए गए नामों को हटाने के कारणों के साथ सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए। ये सूचियाँ ग्राम पंचायत कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, तालुकों, उप-मंडल कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित की गईं। प्रभावित व्यक्तियों को आपत्ति दर्ज करने या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए 10 दिनों का समय दिया गया था। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलेक्टरों) ने अपने-अपने जिलों में अंतिम मतदाता सूची जारी की।

### लगभग आठ प्रतिशत मतदाताओं को हटाया

इस बीच, विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण के दौरान नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग आठ प्रतिशत मतदाताओं को हटाया गया है। पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में, कुछ दिन पहले प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या 9,44,211 है। वहीं शोलिंगनल्लूर में कुल 5,36,991 मतदाता हैं जिनमें से 2,62,621 पुरुष मतदाता, 2,74,254 महिला मतदाता और 116 तृतीय लिंग मतदाता हैं।

# अब आतंकियों पर होगा चौतरफा 'प्रहार'

▸▸ गृह मंत्रालय ने जारी की देश की पहली एंटी-टेरर पॉलिसी

एजेंसी । नई दिल्ली



गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'PRAHAAR' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इस नीति का मकसद हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित ढांचा तैयार करना है। यह नीति आठ पेज में तैयार की गई है और इसमें आतंकी हमलों को रोकने और खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई करने पर खास जोर दिया गया है। नीति में सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और पूरे समाज की भागीदारी वाला ढांचा अपनाने की बात कही गई है।

### जीरो टॉलरेंस और सुरक्षा का मकसद

प्रहार में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। नीति का मुख्य उद्देश्य भारतीय नागरिकों और देश के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और खतरे के अनुसार तेज़ और संतुलित जवाब देना है।

### खुफिया जानकारी और एजेंसियों की भूमिका

नीति में भारत की सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति का जिक्र किया गया है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर (MAC) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के तहत काम करने वाली जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (JTFI) की अहम भूमिका बताई गई है। JTFI देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई करने में सक्रिय रहती है। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल संपर्क, भर्ती और प्रचार के लिए करते हैं।

# ममता दीदी का दांव



### बीजेपी सांसद नगेन रॉय को ममता बनर्जी ने दिया पश्चिम बंगाल का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली 25 विशिष्ट हस्तियों को राज्य के नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित किया है। 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर शनिवार को कोलकाता के देशप्रिय पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में इन हस्तियों को सम्मानित किया गया। ये सम्मान कला, संस्कृति, साहित्य, लोक प्रशासन और पब्लिक सर्विस में खास योगदान के लिए दिए जाते हैं। इस मौके पर सभी हस्तियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं आप सभी के प्रति अपना सर्वोच्च सम्मान प्रकट करती हूं और आपको बधाई देती हूं।'

### कौन हैं नगेन रॉय?

अप्रैल में संभावित विधानसभा चुनावों से पहले मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बंग विभूषण' नगेन रॉय को दिया गया है, जिससे सियासी हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, नगेन रॉय जिन्हें उनके समुदाय में अनंता महाराज के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद हैं। 2023 में ही भाजपा ने उन्हें उच्च सदन के लिए नामित किया था। इस सम्मान को ममता बनर्जी द्वारा स्वयं प्रदान किया गया, जिसमें उन्हें अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रपति भवन में लुटियंस की जगह लगाई गई राजाजी की प्रतिमा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार को पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत को दर्शाने वाले 'राजाजी उत्सव' का आरंभ हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस खास मौके पर उन्होंने सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति का अनावरण किया। राजगोपालाचारी भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर-जनरल थे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, यह मूर्ति अशोक मंडप के पास बनी बड़ी सीढ़ियों पर लगाई गई है। यह मूर्ति वहां पहले से लगी एडविन लुटियंस की मूर्ति की जगह ली है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बदलाव गुलामी की सोच को पीछे छोड़ने की एक कोशिश है।

**ऑपरेशन त्राशी** — 'इजरायल ग्रुप' के खिलाफ सेना ने 326 दिन तक चलाया ऑपरेशन

# टेरर नेटवर्क का खात्मा, 7 आतंकी हुए ढेर

एजेंसी । जम्मू

जम्मू जोन के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने सोमवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान में जैश-ए-मोहम्मद के सात सदस्यों वाले आतंकी मॉड्यूल 'इजरायल ग्रुप' को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही किश्तवाड़ इलाके में करीब डेढ़ साल पहले शुरू हुआ ऑपरेशन खत्म हो गया।



### 2024 में हुई थी घुसपैठ

आईजी ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकियों का यह समूह अप्रैल 2024 में भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कर आया था। तब से यह मॉड्यूल 17 अलग-अलग आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा। पिछले डेढ़ साल में सुरक्षाबलों ने चरणबद्ध तरीके से सभी आतंकियों को मार गिराया।

### छात्रू में मुठभेड़ में तीन ढेर

रविवार को किश्तवाड़ के छात्रू इलाके में हुई मुठभेड़ में मॉड्यूल के आखिरी तीन सदस्य मारे गए, जिनमें उसका स्वघोषित कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल था। आईजी टूटी के अनुसार, सटीक खुफिया सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि यह मॉड्यूल कट्टर आतंकी समूह था, जिसने सुरक्षाबलों और आम नागरिकों दोनों को नुकसान पहुंचाया।